# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 15 ■ अंक - 290 ■ अम्बिकापुर, शुक्रवार 15 नवम्बर 2024 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# बेकाबू स्कार्पियो की ठोकर से अब तक दंपती सहित 3 की हुई मौत

## पुलिस ने स्कार्पियो वाहन के चालक व सवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिला के दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंठी में बुधवार को देर शाम तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन के चालक ने स्कूटी व बाइक सवार समेत पैदल आना-जाना कर रहे छह लोगों को टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि स्कूटी सवार बुजुर्ग पति-पत्नी समेत समेत छह लोग घायल हो गए थे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था, यहां इलाज के दौरान दोनों पति-पत्नी की भी मौत हो गई। घटना के दौरान आसपास लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई और आक्रोशित लोगों ने स्कॉर्पियो वाहन में तोड़फोड़ के बाद उसे आग के हवाले कर दिया था, जिसमें वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। पुलिस ने मामले में स्कार्पियो वाहन के चालक व सवार के विरूद्ध केस दर्ज कर इन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।



जानकारी के मुताबिक बुधवार दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम कंठी ठाकुरपारा निवासी दंपती विजय कुमार वर्मा अपनी पत्नी मीरा वर्मा के साथ बुधवार को देर शाम को अंबिकापुर से अपने गृहग्राम कंठी जाने के लिए स्कूटी में सवार होकर जा रहे थे, वहीं उनका व्यवसायी पुत्र नवीन कुमार वर्मा अपनी कार से अंबिकापुर से घर कंठी की ओर जा रहा था। शाम लगभग 6 बजे कंठी मुख्य मार्ग में मिराज मेडिकल स्टोर के पास जैसे ही स्कूटी सवार दंपती पहुंचे, दरिमा की ओर से अंबिकापुर आ रही काले रंग की स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 ईई 7300 का चालक तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक वाहन चालन करते हुए पहले अंबिकापुर से मजदूरी करके अपने गृह ग्राम करजी जा रहे बाइक सवार रमेश प्रजापति पिता स्व. भरतलाल प्रजापति 39 वर्ष को चपेट में लिया, इसके बाद स्कूटी सवार दंपती विजय कुमार वर्मा और उनकी पत्नी को ठोकर मारते हुए पैदल आना-जाना कर रहे नारद राम, विरेन्द्र दास, करमेन को चपेट में ले लिया। बेकाबू स्कार्पियो बाइक सवार के साथ सड़क के किनारे स्थित एक घर से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार रमेश प्रजापति (30) की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक का भतीजा अर्जुन प्रजापति भीड़ देखकर मौके पर गया और मजदूरी करके लौट रहे चाचा रमेश प्रजापति को पहचाना, जो बातचीत नहीं कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल रवाना किया, यहां बुधवार की शाम 7.2 बजे चिकित्सक ने रमेश प्रजापति को मृत घोषित कर दिया। वहीं देर शाम 8.21 बजे निजी अस्पताल में मीरा वर्मा (58) भी दम तोड़ दी। देर रात 12.21 बजे मृतका के पति विजय कुमार वर्मा (60) की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने स्वजनों को सौंप दिया है। तीन घायलों का उपचार चल रहा है। कार्रवाई में थाना प्रभारी दरिमा निरीक्षक मनोज प्रजापति, सहायक उप निरीक्षक बैजनाथ राम, सहायक उप निरीक्षक नेतराम पैकरा, प्रधान आरक्षक मनीजर राम, आरक्षक संजय केरकेट्टा, राज जायसवाल, शरद राजवाड़े, दुर्गेश राजवाड़े, भूपेंद्र सिंह, नमीष सिंह सक्रिय रहे।

### शराब के नशे में चला रहे थे वाहन

दरिमा थाना पुलिस ने अंबिकापुर निवासी स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 ईई 7300 के चालक रोशन गुप्ता 22 वर्ष निवासी गोधनपुर व अंश साहू 26 वर्ष निवासी दर्रीपारा अंबिकापुर को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। घटना में मृत विजय/मीरा वर्मा के पुत्र नवीन कुमार वर्मा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 105 बीएनएस का मामला दर्ज किया है। घटना के दौरान दोनों शराब के नशे में थे और तेज गति से वाहन चला रहे थे। घायल मीरा वर्मा की मौत फिरदौसी अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। घटना दिनांक 13 नवम्बर को नवीन अपने निजी काम से अंबिकापुर आया था। अंबिकापुर से वापस अपने घर ग्राम कंठी जा रहा था। शाम लगभग 06 बजे ग्राम कंठी में मिराज मेडिकल के पास उसके पिता विजय कुमार वर्मा एवं मां मीरा वर्मा संभवत: चना खाने के लिए खड़े थे। इसी दौरान स्कार्पियो सवारों ने दुर्घटना को अंजाम दिया। स्कार्पियो सवार एक्सीडेंट करने के बाद भाग रहे थे, जिन्हें ग्रामीणों ने दौडाकर पकड़ा। स्कर्पियो को रोशन गुप्ता चला रहा था।

### पुलिस ने स्थिति को किया नियंत्रित

दुर्घटना के बाद मौके पर काफी संख्या में लोगों का जमघट लग गया। पुलिस के पहुंचते तक बेकाबू भीड़ दुर्घटनाकारित वाहन में तोड़फोड़ करने में लगी थी। मुख्य मार्ग में एक घंटे से अधिक जाम की स्थिति बन गई। ग्रामीणों ने घर के दहलीज से टकराकर रूकी स्कॉर्पियो वाहन को धकेलकर सडक तक लाया और उसे आग के हवाले कर दिया, जिसमें स्कॉर्पियो पूरी तरह जलकर खाक हो गई। दरिमा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करके किसी तरह सड़क मार्ग को खाली कराया, जिससे आवागमन शुरु हुआ।

# लगातार संदिग्ध मौतो का सिलसिला जवाब नहीं सवाल ही सवाल



राजेन्द्र ठाकुर

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** बलरामपुर जिले की पुलिस मौतों के संबंधी अनेक सवालों से जूझ रही है मौत की गुत्थी सुलझने की जगह और उलझती जा रही है । गुरु चंद मंडल की थाने में मौत ने फिर से नए सिरे से इन मौतों पर सवाल खड़े कर दिए पर दुखद तथ्य यह है कि यहां बस सवाल ही सवाल है जवाब नहीं उल्लेखनीय है कि गुरु चंद मंडल की बलरामपुर थाने में मौत हो गई थी उसकी पत्नी रीना गिरी अपने घर संतोषी नगर से लापता हो गई थी जिसकी सूचना थाने में दी गई थी और पुलिस ने पूछताछ के लिए उसे थाने में लाया था जहां बाथरूम में रहस्यमय ढंग से उसकी लाश पाई गई थी। इसकी खबर मिलते ही क्षेत्र में पुलिस के प्रति लोगों के आक्रोश का लावा उबल पड़ा और लोगों ने थाने में हमला बोल दिया । और जमकर तोड़फोड़ किया इस बीच कुछ लोगों ने जान बचाने के लिए भाग कर अनियंत्रित जगह शरण ली और इधर लापता रीना गिरी की लाश गढ़वा झारखंड के नदी में संदिग्ध अवस्था में पाई गई थी जिसके हाथ पीठ की ओर से बंधे हुए थे रीना की मौत की जांच अब झारखंड पुलिस कर रही है किंतु गुरु चंद मंडल की मौत पर पड़ी धूल और गहरी होती जा रही है। आखिर थाने में जहां 24 घंटे पुलिस तैनात रहती है वहां गुरु चंद मंडल कैसे मर गया और उसकी लापता पत्नी गढ़वा कैसे पहुंच गई और उसे किसने मारा। इस सवाल ने पहले हुई तीन और मौत के गडें मुर्दे फिर से उखाड़ दिए और पुलिस को उनके संबंध में पड़े सवालों से भी जूझना पड़ रहा है लोगों ने बलरामपुर पुलिस पर अनुसंधान कौशल क्षमता पर भी सवाल उठाए हैं लोगों ने पूछा है कि बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सुजीत स्वर्णकार तथा किरण काशी की एक साथ संदिग्ध मौत के रहस्य पर से आज तक पर्दा क्यों नहीं उठ सका। इसके लिए जिम्मेदारों ने एस आई टी का गठन भी किया था । किंतु कइ महीनो बीत जाने के बाद भी लोगों को परिणाम का इंतजार है। इसी प्रकार एक और मौत हुई थी धर्मेंद्र केसरी नामक व्यापारी की जिसकी लाश सोनहारा जंगल में अंजलि अवस्था में पाई गई थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी सामने आया था और लोगों में चर्चा था कि पेट में जहर के अंश पाए गए थे पुलिस ने इसे आत्महत्या का मामला ठहराया गया लेकिन लोगों का सवाल अपनी जगह आज भी खड़ा है अगर उसने जहर खाया तो फिर आग लगाने की जरूरत क्यों पड़ी और जब आग लगी थी तो जहर सेवन क्यों। पुलिस के पास जवाब नहीं लोगों का आरोप है कि धर्मेंद्र की सुयोजित तरीके से हत्या की गई है पुलिस इस मामले में अपराधियों को जानबूझकर बचा रही है इतने गंभीर आरोपों और हत्या के सवालों से घिरी बलरामपुर पुलिस को अपना दामन बेदाग साबित किसी चुनौती से कम नहीं है और वह सवालों के घेरे में है। जनता का कहना है कि पुलिस सार्वजनिक तौर पर इन मौतो पर अपना स्पष्टीकरण जारी करें या फिर अपनी अक्षमता स्वीकार करें करना होगा कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां चरम पर है।

झारखंड से लगा होने के कारण यह क्षेत्र निरंतर सुरक्षा संबंधि सवालों से जूझता रहा है किंतु यहां की पुलिस ने कभी भी इसे गंभीरता से नहीं लिया है और तो और यहां कहां से आकर लोग बसे हैं इसका भौतिक सत्यापन करने की जहमत पुलिस को गवारा नहीं है ऐसे में आम लोगों का पुलिस पर उंगली उठाने नाजायज नहीं लगता है। न जाने कितने अधिकारी आए और गए किंतु पुलिस की कार्य कुशलता में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बहरहाल गुरु चंद मंडल की थाने में मौत और रीना गिरी की लाश झारखंड में संदिग्ध हालत में मिलना पुलिस के गले की फास बनी हुई है।और पुलिस की कार्यप्रणाली संदेह के दायरे में है यहां बस सवाल ही सवाल है जवाब कुछ नहीं।

# पिकअप पलटने से घायल किशोरी की मौत, आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण घायल

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** आर्केस्ट्रा प्रोग्राम देखकर घर लौट रहे ग्रामीण पिकअप के पलटने से आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण घायल हो गए। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक किशोरी की मौत हो गई, अन्य घायलों का उपचार चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक जशपुर जिला के बगीचा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिली निवासी अनीता बाई पिता जगेश्वर राम नगेसिया 17 वर्ष के अलावा गालो, बैगिन, प्रभु सहित अन्य 13 नवम्बर को पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 8598 से गंगापुर में हो रहे आर्केस्ट्रा प्रोग्राम को देखने के लिए गए थे। वापस आते समय ऊंचडीह पुलिया के पास मुख्य मार्ग में तेज रफ्तार पिकअप का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए वाहन से नियंत्रण खो दिया और पिकअप लहराते हुए पलट गई। दुर्घटना के बाद मौके पर हा-हाहाकार मच गया। रास्ते से जा रहे लोग व आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा होने लगे। घायलों को दर्रीडीह रघुनाथपुर स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, यहां से रेफर करने पर इन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर स्वजन पहुंचे। 14 नवम्बर की सुबह 7.45 बजे आपातकालीन चिकित्सा परिसर में जांच के बाद चिकित्सक ने अनीता बाई को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

# मोटरसायकल में देशी पिस्टल लेकर घूम रहे दो युवक गिरफ्तार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कोतवाली पुलिस ने अवैध देशी पिस्टल लेकर मोटरसायकल में घूम रहे 02 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 01 देशी पिस्टल व मोटरसायकल पुलिस ने जप्त कर लिया है।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि थाना कोतवाली पुलिस टीम को 13 नवम्बर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एचएफ डीलक्स मोटरसायकल में सवार दो युवक देशी पिस्टल लेकर ग्राम सोनपुर की ओर घूम रहे हैं। पुलिस टीम सोनपुर स्कूल तिराहा में घेराबंदी की तो रनपुर स्कूल तिराहा में बस्ती की तरफ से मोटरसायकल में 02 संदिग्ध युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने इन्हें रोका तो मोटरसायकल में अभिषेक शर्मा 19 वर्ष निवासी मंगरढोढा शिकारी रोड व सचिन प्रतापपुरी 19 वर्ष निवासी शिव मंदिर के पास मगरढोढ़ा शिकारी रोड बौरीपारा सवार थे। पूछताछ करने पर इन्होंने संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। कड़ाई से पूछताछ के दौरान अभिषेक शर्मा अपने कमर में खोसकर रखे अवैध देशी पिस्टल को पुलिस के सुपुर्द किया। आरोपियों ने पूछताछ में अपराध के उद्देश्य से देशी पिस्टल रखकर मोटरसायकल में घूमना पुलिस को बताया। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध करके न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, प्रधान आरक्षक शत्रुधन सिंह, आरक्षक विवेक राय, शिव राजवाड़े, मंटूलाल गुप्ता सक्रिय रहे।







# 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल धान बेचने उत्साहित किसान



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में किसान अपने खेतों-खलिहानों में धान की फसल काटने और मिसाई में जुटे हुए हैं। इसी के साथ ही मुख्यमंत्री के मंशानुरूप 14 नवंबर से जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। समितियों में 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल धान बेचने के लिए किसानों में उत्सुकता देखी जा रही है। फसल कटाई में जुटे ग्राम जवाहरनगर निवासी श्री रवि ने बताया कि आज से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हुआ है। मेरे यहां धान की फसल की कटाई कर मिंजाई का कार्य हो रहा है। वे कहते है कि मिंजाई का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद वे टोकन लेने के लिए समिति जायेंगे और समिति में अपना धान बेचेंगे। इसी प्रकार ग्राम सुर्रा की किस्मतिया का कहना है अभी हमारे यहां धान की कटाई चल रही है। इस बार धान की पैदावार अच्छी हुई है और वे धान को बेचने के लिए उत्सुक हैं। पिण्ड्रा के कृषक शोभनाथ गुप्ता भी कहते हैं कि इस साल अच्छी बारिश होने से धान की खेती अच्छी हुई है और पैदावार भी बढ़ा है। उत्पादन में बढ़ोत्तरी होने और राज्य सरकार द्वारा 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदी करने से हमें आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा। अभी मैं फसल की कटाई और मिसाई दोनो कर रहा हूं। मिसाई हो जाने के बाद मैं समिति में अपना धान बेचने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि मुझे 31 रुपये प्रति किलो दर से धान का दाम मिलेगा। धान खरीदी 31 जनवरी 2025 तक जारी रहेगी। इस खरीफ सत्र में प्रशासन के द्वारा बेहतर इंतजाम किए गए है। समिति केंद्रों में बारदाने की उपलब्धता, किसानों के लिए समुचित सुविधाएं, धान खरीदी केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। धान की अच्छी पैदावार और उचित मूल्य पर खरीदी की शुरुआत से किसानों में उत्साह है और वे अपनी फसल का उचित दाम पाने के लिए तैयार हैं।

### घर बैठे मिलेगी टोकन की सुविधा

किसानों के लिए इस बार भी ऑनलाइन टोकन पर्ची की सुविधा की गई। किसान घर बैठे भी धान बेचने के लिए टोकन कटा सकेंगे। इसके लिए किसानों को मोबाइल में टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप डाउनलोड करना होगा। टोकन कटाने के लिए किसानों को समितियों में लाइन लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

## बलरामपुर रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारियों को निर्वाचन सम्पन्न

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बलरामपुर अंतर्गत कार्यालय कलेक्टर बलरामपुर के सभा कक्ष में श्री रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव एवं जिला प्रबंध समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में चेयरमैन, वाइस चेयरमेन, कोषाध्यक्ष तथा राज्य प्रतिनिधि का निर्विरोध निर्वाचन किया गया।

गणमान्य नागरिक श्री दीनानाथ यादव के प्रस्ताव पर सदस्यों के सर्वसम्मति से श्री ओम प्रकाश जायसवाल को चेयनमेन चुना गया, इसी प्रकार गणमान्य नागरिक श्री जयप्रकाश गुप्ता के प्रस्ताव पर श्री धीरज सिंहदेव को वाईस चेयरमैन चुना गया, श्री दिलीप सोनी के प्रस्ताव पर श्री जयप्रकाश गुप्ता को कोषाध्यक्ष एवं श्री राहुल गुप्ता के प्रस्ताव पर श्री बलवंत सिंह को राज्य प्रबंध समिति के प्रतिनिधि हेतु निर्विरोध चुना गया। निर्विरोध निर्वाचन पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं समस्त सदस्यों को निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव के द्वारा रेडक्रास की शपथ दिलाई गई।

# उत्पाती बंदर को दूसरे दिन टीम ने कब्जे में लेने पाई सफलता



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत लटोरी में पिछले एक सप्ताह से उत्पात मचा रहे बंदर को ट्रॅक्यूलाइज कर सुरक्षित जंगल में छोड़ने की पहल पर आज दूसरे दिन सफलता हासिल की जा सकी है। उत्पाती बंदर को पकड़ने उपरांत तमोर पिंगला अभ्यारण अंतर्गत घाट पेंडारी जंगल में ले जाकर छोड़ा गया है। बंदर को ट्रॅक्यूलाइज कर पकड़ने का अभियान दो दिन तक चलाया गया। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत लटोरी में पिछले एक सप्ताह से एक उत्पाती बंदर द्वारा किसी पर भी हमला कर काटकर लोगों को घायल कर दिया जा रहा था। उत्पाती बंदर द्वारा सप्ताह भर में करीब डेढ़ दर्जन लोगों को काटकर घायल किया जा चुका था। ग्रामीणों द्वारा उत्पाती बंदर को खदेड़ने की कोशिश भी की गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी और उत्पाती बंदर मुख्य बाजार में उछल कूद कर रहा था। सुरजपुर डीएफओ पंकज कमल ने उत्पाती बंदर को ट्रॅक्यूलाइज कर पकड़ने एवं दूर जंगल में छोड़ने के निर्देश दिए थे। जिस पर बुधवार को योजना के तहत हाथी पुनर्वास केन्द्र के चिकित्सक डॉ. अजीत पाण्डेय टीम के साथ लटोरी पहुंचकर काफी तलाश के बाद लटोरी-दतिमा मार्ग पर उत्पाती बंदर को घरों की छत पर उछल कूद करता देखा गया। इसके पश्चात टीम द्वारा बंदर को बेहोश करने हेतु दो डॉट लगाए गए लेकिन बंदर डॉट लगते ही इंजेक्शन को निकालकर फेंक दिया था। इसके बाद उत्पाती बंदर को पकड़ने में सफलता नहीं मिलने उपरांत गुरुवार को पुनः उसे पकड़ने का अभियान चलाया गया। तब लटोरी नवापारा खदान कालोनी के पास सुबह करीब साढ़े आठ बजे टीम द्वारा ट्रॅक्यूलाइज कर छह बार डॉट लगाकर उत्पाती बंदर को बेहोश करके पकड़ने में सफलता हासिल किया जा सका। उत्पाती बंदर को पकड़ने उपरांत वन विभाग का अमला व स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। अभियान में सुरजपुर डीएफओ पंकज कमल के अलावा सुरजपुर एसडीओ वन अनिल सिंह, सुरजपुर रेंजर उमेश वस्त्राकार, वन्य प्राणी विशेषज्ञ डॉ.अजीत पांडेय, उड़नदस्ता दल प्रभारी शैलेश गुप्ता, उप परिक्षेत्राधिकारी लटोरी सहायक योगेंद्र कुमार सिंह, परिसर रक्षक मनोज कुमार राजवाड़े, कोस राजवाड़े व अन्य सक्रिय रहे।

# भाभी पर प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** हिस्सा बंटवारा की बात से क्षुब्ध हत्या के आरोपी ने भाभी पर टांगी से प्राणघातक हमला कर दिया है। पुलिस ने आरोपी देवर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महावीरपुर निवासी वृद्ध जगमोहन यादव के चार पुत्र हैं। वृद्ध के एक पुत्र रामप्रसाद यादव उर्फ बजरंग द्वारा पांच साल पहले अपने छोटे भाई श्रीकुमार की टांगी से मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें तीन वर्ष जेल काटने उपरांत एक वर्ष पूर्व ही आरोपी रामप्रसाद यादव घर लौटा था। आरोपी द्वारा घर का हिस्सा बंटवारा कराए जाने की बात कहकर परिजन के साथ हमेशा विवाद किया जाता है। इसी बीच 13 नवंबर बुधवार की शाम साढ़े चार बजे आरोपी रामप्रसाद यादव उर्फ बजरंग गांव से शराब पीकर हाथ में टांगी लेकर घर लौटा और जमीन का हिस्सा बंटवारा की बात से क्षुब्ध होकर घर की मुर्गी को पटक दिया। इस बात पर आरोपी की भाभी सरिता यादव ने मना किया तब उसने भाभी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए टांगी से उसके सिर व कान के पास प्राणघातक हमला कर दिया। जिससे सरिता यादव को है गंभीर चोट आने पर प्राथमिक उपचार कराकर अंबिकापुर में भर्ती करा दिया गया है।



मामले में पुलिस ने आरोपी रामप्रसाद यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है।

## तीसरी लाइन जोड़ने दो दर्जन ट्रेनों का परिचालन होगा प्रभावित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वर्तमान में अनेक परियोजनाओं पर तेजी से कार्य कराया जा रहा है।

बिलासपुर-कटनी रेल लाइन इस रेलवे की एक व्यस्ततम रेल मार्ग है, जो इस पूरे क्षेत्र को उत्तर भारत से जोड़ती है। इसके अंतर्गत बिलासपुर-कटनी के सेक्शन के नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य किया जाना है। जिस कारण 24 से 30 नवम्बर तक इस रूट से गुजरने वाली करीब दो दर्जन यात्री ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

जिसमे 22 से 30 नवम्बर तक बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 18234 बाधित रहेगी। वहीं गाड़ी नंबर 18233 भी 23 नवंबर से 1 दिसम्बर तक बाधित रहेगी।बिलासपुर-भोपाल अप डाउन पैसेंजर 21 से 2 दिसंबर तक बाधित रहेगी। जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस अप एंड डाउन 23 नवंबर से 1 दिसम्बर तक बाधित रहेगी। इसी प्रकार बिलासपुर-रीवा व रीवा-बिलासपुर 22 नवंबर से 1 दिसम्बर तक बाधित रहेगी। रीवा-चिरमिरी, चिरमिरी-रीवा भी 25, 27, 29 डाउन गाड़ी 26, 28, 30 को बाधित रहेगी। वहीं दो गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से इस दौरान चलाया जाएगा।

# घर के अंदर स्थित विद्युत पोल से अनहोनी का खतरा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** घर में स्थित विद्युत पोल को अन्यत्र शिप्ट कराए जाने हेतु ग्रामीण के अलावा पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा वर्षों से बिजली ऑफिस सुरजपुर का चक्कर काटने विवश होना पड़ रहा है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारी केवल टाल मटोल कर अपने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी किसी बड़ी अनहोनी का खतरा बना हुआ है।

गौरतलब है कि विद्युत वितरण केंद्र सुरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहागपुर मंदिरपारा निवासी सतीश कुमार वासुदेव पिता विशुन राम के घर में वर्षों से स्थित विद्युत पोल से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सतीश कुमार वासुदेव ने बताया कि यहां घर के अंदर स्थित विद्युत पोल को अन्यत्र शिप्ट कराए जाने हेतु वर्षों से विभागीय कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं लेकिन आज तक किसी भी विभागीय अधिकारी द्वारा उक्त गंभीर समस्या की ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा गया है। ग्रामीण ने बताया कि उक्त गंभीर समस्या से निजात दिलाए जाने हेतु पंचायत की सरपंच नीलम सिंह व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा भी सुरजपुर द्वारा विभागीय कार्यालय में वर्षों से कई बार आवेदन दिए जाने के बाद भी कोई पहल नहीं होने से आमजन में नाराजगी व्याप्त है। लोगों का कहना है कि उक्त विद्युत पोल की वजह से यदि भविष्य में कोई अप्रिय



विभागीय कार्यालय में आवेदन दिया गया है। बावजूद इसके आज तक विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई पहल नहीं किए जाने से हमेशा करंट फैलने का भय बना रहता है। घर के अंदर विद्युत पोल होने की वजह से जब बारिश के दिनों में बिजली तड़कती है तब परिवार के लोग दूसरे के घरों के जाकर शरण लेने विवश होते हैं। बताया जा रहा है कि पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों घटना घटित होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी। कुंभकर्णीय नींद सो रहे विभागीय अधिकारियों द्वारा उक्त गंभीर समस्या की ओर कोई पहल नहीं किए जाने से लोगों में खासी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों द्वारा विभागीय अधिकारियों से घर के अंदर स्थित विद्युत पोल को तत्काल अन्यत्र स्थापित कराए जाने की मांग की गई है।

## निधन
## विनोद कुमार सिंघल



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मारूति मोटर के संचालक विनोद कुमार सिंघल उर्फ बिट्टू का गुरुवार की दोपहर लंबी बीमारी पश्चात निधन हो गया। वे करीब 48 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को प्रातः 9 बजे रिहंद नदी की तट पर स्थित मुक्ति धाम में किया जाएगा। व्यवसायी विनोद सिंघल स्व. किशन चन्द सिंघल के सबसे छोटे पुत्र एवं प्रेम चन्द, दीपचंद, पवन कुमार एवं जगदीश सिंघल के सबसे छोटे भाई थे। वे अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र व एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार बिलखता छोड़ गए हैं।

# बाल दिवस पर जगह जगह बच्चों द्वारा किए गए विविध कार्यक्रम

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** बाल दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या प्राथमिक शाला शिवनंदनपुर व शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसलगिरी में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। दोनों विद्यालयों में कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। शासकीय कन्या प्राथमिक शाला शिवनंदनपुर बच्चों द्वारा फुल्की, चाट, मोमोज, लिट्टी चोखा, इडली सांभर, ढोकला पास्ता, भजिया सलोनी, बिस्किट, पॉपकॉर्न, पूरी सब्जी का स्टॉल बच्चों द्वारा लगाया गया था। जिसमें विद्यालय की प्रधान पाठिका दयामणी लकड़ा, संकुल समन्वयक गौरी शंकर पांडेय,




नमीता निगम, मनीषा, संजू, शिवनंदनपुर पंचायत से अनीता सिंह, जयश्री विजय, सुमन गुप्ता, गौरव मिश्रा, पूर्व प्रधान पाठक अशोक श्रीवास्तव, वंदना तिवारी, शशिलता सिंह, टेरेसा कुजूर, रेखा दोहरे, प्रभा एक्का, आशा तिवारी, संजीदा आलम, रीता ठाकुर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए स्टॉल से खरीदी किए। इसी तरह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसलगिरी में शिक्षकों एवं छात्रों ने बाल दिवस के अवसर पर केक काटकर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई। साथ ही यहां पर विविध प्रकार के खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर चयनित कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में कॉपी, पेन एवं कंपास वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक रविशंकर सोनी, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष कवलसाय राजवाड़े, शिक्षक हेमसाय, शमा बेगम, नंदकिशोर कुशवाहा सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

# स्वच्छ भारत मिशन के राज्य सलाहकार ने ग्रामों का किया दौरा

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के राज्य सलाहकार श्री पुरुषोत्तम पड़ा के द्वारा जिले में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत हो रहे कार्यों का अवलोकन करने विकासखण्ड कुसमी के विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने ग्राम पंचायत श्रीकोट, घुटराडीह, देवरी एवं शंकरगढ़ विकासखंड के चलगली, महुआडीह में ठोस अपशिष्ट संग्रहण, सेग्रीगेशन शेड, व्यक्तिगत शौचालय की उपयोग, अपशिष्ट जल की प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय का अवलोकन कर ग्रामीणों को इनके उपयोग करने को कहा। इस दौरान उन्होंने कचरा संग्रहण में संलग्न महिला स्वच्छाग्रही समूह एवं ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें ग्रामीणों को स्वच्छता प्रति जागरूक किया साथ ही उन्होंने गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने में सामूहिक सहभागिता निभाने की बात भी कही। उन्होंने विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर 2024 को महिला समूह द्वारा रैली कर घर-घर संपर्क करने, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय की साफ-सफाई एवं पुताई, श्रमदान, ग्राम जल स्वच्छता समिति की बैठक, सेग्रीगेशन शेड की सफाई जैसी गतिविधि आयोजन कर ग्रामीणों को इसमें जोड़ने की महत्व को बताते हुए इसे सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन भी दिया।



# अवैध धान परिवहन पर राजस्व अमले की कार्यवाही, 1295 बोरी धान जब्त

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में अवैध धान परिवहन पर सख्ती बरतते हुए राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्यवाही की है। तहसीलदार डौरा-कोचली और नायब तहसीलदार बलरामपुर के नेतृत्व में ग्राम कपिलदेवपुर में अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए एक ट्रक और मुर्गी फार्म में भंडारित धान को जब्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कपिलदेवपुर में ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 3927 में 590 बोरी धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था, जिसे नायब तहसीलदार रवि भोजवानी ने मौके पर पकड़ा। इसी प्रकार 301 बोरी धान रामधारी गुप्ता के मुर्गी फार्म में अनलोड किया गया था, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया। इसके साथ ही नंदलाल गुप्ता के मुर्गी फार्म में भी 330 बोरी अवैध धान तथा कपिलदेवपुर में पिकअप वाहन से 74 बोरी धान का परिवहन किया जा रहा था, जिसे राजस्व टीम ने जब्त किया। इस प्रकार कुल 1295 बोरी धान जब्त कर चलगली थाना में सुपुर्द किया गया।



ज्ञात हो कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हो गई है और इसी के साथ ही अवैध धान के परिहवन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान की आवक पर निगरानी के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों सहित प्रमुख स्थानों पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं। साथ ही सतत् निगरानी हेतु खाद्य, राजस्व और सहकारिता विभाग के संयुक्त टीमों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे जिले में अवैध धान की आवक को रोका जा सके।

# *कलेक्टर ने ली जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक*




**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का की अध्यक्षता में जल एवं स्वच्छता मिशन की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में प्रगतिरत कार्यों के समय वृद्धि प्रकरणों की स्वीकृति और जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माण कार्यों के संबंध पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत विकासखण्ड वार कार्यों की समीक्षा की। प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए तेजी लाकर कार्यों को पूर्ण करने के साथ ही अप्रारंभ कार्यों को भी शीघ्र शुरू करने को कहा। कलेक्टर ने नलकूप खनन की अद्यतन जानकारी भी ली। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता श्री गुरु देव कंवर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन की जानकारी दी।

# जनजातीय समाज की पहचान है जल, जंगल, जमीन के साथ जीवन शैली



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जल, जंगल, जमीन के साथ जीवनशैली जनजातीय समाज की गौरवाशाली पहचान है। यह समाज अपने स्वाभिमान के साथ मौलिक जीवन यापन करता है। यह बातें गुरूवार को श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवाशाली अतीत (ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान) विषय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रेम प्रकाश सिंह ने कही।

प्रो. सिंह ने कहा जनजातीय समाज के योगदान से हम भारतीय विश्व के शिक्षक थे। जनजातीय समाज का खान-पान, संस्कृति, जीवन-दर्शन समृद्ध रहा है, उसे हम सबको अपनाना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित और मौलिक काम करने वाले लोग चाहिए। परम्परागत, सांस्कृतिक, विरासत पूर्ण शिक्षा के साथ आधुनिक विज्ञान परक रोजगारोन्मुख शिक्षा की जरूरत है। तिलका माझी विश्वविद्यालय भागलपुर, महली भगत महाविद्यालय कुसमी और संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा सहित तीनों संस्थानों में जुड़ाव रहा जो जनजातीय समाज की कर्मस्थली रही है। इससे पहले एसके भरने, अनिरूद्ध निरंजन मिश्रा, एसएन चौधरी के साथ अतिथियों ने मां सरस्वती, श्री साई नाथ और जनजातीय समाज के नायकों की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि जनजातीय समाज के जननायक बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मना रहे हैं जो हमारे लिये गर्व की बात है। जनजातीय समाज हमेशा से आजाद रहा है। उन्होंने अपने जीवन शैली को प्रत्येक स्थिति में जीवन्त रखा है। मुख्य वक्ता इन्दर भगत ने जनजातीय समाज के जीवन, दर्शन और सघर्ष को एक फलक पर प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि समाज को भ्रांति है कि यह हमारे साथ नहीं है जबकि आजादी की पहली लड़ाई इसी वर्ग ने प्रारम्भ की थी। जनजातीय समाज देश का प्रहरी हैं, इतिहासकारों ने इन्हें उपेक्षित नजरिए से पेश किया है। विशिष्ट अतिथि जयंत थोरात ने कहा कि जनजाति समाज सभ्यता, संस्कृति की वाहक है, उनकी प्रगतिशीलता को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्याक देवेन्द्र दास सोनवानी, पल्लवी द्विवेदी ने किया। अनुष्का सिंह परिहार ने जनजातियों के गौरव से अवगत कराया। इस दौरान जनजातीय समाज पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रदर्शनी लगाई गई, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने करमा, सुआ, शैला, छत्तीसगढ़ी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. श्रीराम बघेल के साथ सहायक प्राध्यापक सुमन मिंज, गीता चौहान, विभा तिवारी, रेखा हलदार ने सहयोग किया।

इस अवसर पर डॉ.आरएन शर्मा, अरविन्द तिवारी, राकेश कुमार सेन, शैलेष देवांगन, डॉ. विवेक कुमार गुप्ता, डॉ. दिनेश शाक्य सहित सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गृह अतिचार कर टांगी से चोट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** गृह अतिचार कर जान से मारने की धमकी देने और टांगी से चोट पहुंचाने के मामले में थाना लखनपुर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रार्थी धनेश्वर राम पैकरा निवासी पुहपुटरा लखनपुर ने 05/09/24 को थाना लखनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि घटना दिनांक 29/08/24 को गांव का सज्जन लाल उसके मकान के दरवाजा को लात मारकर खोला और घर के अंदर घुस गया। इसके बाद गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारने के लिए दौड़ाया। जब वह भागने लगा तो सज्जन लाल पीछे से दौड़कर अपने साथ लाए गए टांगी को फेंका, जिससे उसे कंधे में चोट आई थी। रिपोर्ट



पर अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने आरोपी सज्जन विश्वकर्मा 25 वर्ष निवासी पुहपुटरा को घेराबंदी करके पकड़ा। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त टांगी बरामद करके पुलिस उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दी है। कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतापुर राजेंद्र मंडावी के निर्देशन में थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक अश्वनी सिंह, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक रवि सिंह, आरक्षक दशरथ राजवाड़े ने की।

# सूने मकान का ताला तोड़कर 4 लाख के जेवरातों की चोरी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** एनटीपीसी विन्दनगर सिंगरौली से सेवानिवृत गोधनपुर, बारी मोहल्ला में एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का जेवरात चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई गई है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच में लिया है। चोरों ने आलमारी में रखे नगद रकम को हाथ नहीं लगाया था।

बारीपारा गोधनपुर निवासी प्रवीण कुमार टोप्पो पिता स्व. धर्मदास टोप्पो 61 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि वे अपने परिवार के साथ 03 नवम्बर को किसी काम के सिलसिले में घर में ताला लगाकर गए थे। सामने ही उनके भांजा समर्पण एक्का का मकान है। 12 नवम्बर को उन्हें अपने भांजा के माध्यम से सूचना मिली कि घर के ग्रील का ताला नहीं है। अंदर जाने पर सामान व्यवस्थित देखने को मिल रहा था, लेकिन दो आलमारी और दरवाजे का ताला चोरों ने तोड़ दिया था। चोरी की वारदात को 9 नवम्बर की रात से 12 नवम्बर को दोपहर 2 बजे के बीच अंजाम देने की संभावना है। प्रवीण कुमार टोप्पो जब घर पहुंचे तो पता चला कि चोर एक नग 5.080 ग्राम का जेन्टस रिंग, सोने का हार सेट 01 नग 61.019 ग्राम, सोने का कड़ा 01 नग 35.980 ग्राम, सोने का चेन 01 नग 35.110 ग्राम, लैपटाप 01 नग चोर ले गए हैं। वहीं आलमारी में रखा नगद रकम 35 हजार रुपये को चोरों ने हाथ नहीं लगाया था। चोरी की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रार्थी के भांजा के घर में लगे सीसीटीव्ही का फुटेज हासिल किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गर्भपात का दवा खिलाने से युवती की तबियत बिगड़ी, इलाज दौरान हुई थी मौत

## पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार करके न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** गर्भपात करवाने पश्चात मृत्यु के मामले में बतौली थाना पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक चांदनी यादव 15/10/22 के 15-20 दिन पहले अपनी सहेली के साथ अंबिकापुर जाने की बात बोलकर घर से निकली थी, जो 04 दिन बाद वापस आई। घरवाले देखे कि चांदनी के हाथ पैर में सूजन है। पूछने पर वह कुछ नहीं बताई। इसके बाद पिता सोमार साय अपनी लड़की को बतौली अस्पताल ले जाकर चेक कराया, यहां से उसे अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। 12/10/22 से उसका इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में चल रहा था। इलाज दौरान 15/10/22 को उसकी मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच में लिया था। मर्ग जांच दौरान तकनीकि सहायता से सामने आया कि आरोपी फोकलू ऊर्फ राज कुमार मृतिका को पत्नी बनाकर अपने साथ रखा था। गर्भवती



होने पर वह उसका गर्भपात कराने के आशय से गर्भ गिराने की दवाई खिलाया था, जिस कारण उसका तबियत खराब हो गया और वह उसे मायके घर में ले जाकर छोड़ दिया था। इलाज दौरान 15/10/22 को वह दम तोड़ दी थी। फोकलु ऊर्फ राजकुमार चौहान पिता लाल साय चौहान 22 वर्ष निवासी मांझापारा, सुखवासो पारा थाना कापू जिला रायगढ़ को पुलिस घेराबंदी करके पकड़ी और पूछताछ की तो उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध थाना बतौली में धारा 314 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है और उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली उपनिरीक्षक सीपी तिवारी, संजय नाथ तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक संजय गुप्ता, आरक्षक राजेश खलखो, ऐहसास फिरदौसी, भगलू राम, ओमप्रकाश गुप्ता, मुरली यादव एवं अन्य स्टाफ सक्रिय रहे।

### सरगुजा संभागायुक्त ने जनपद अंबिकापुर के उप अभियंता को किया निलंबित

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा संभागायुक्त द्वारा जनपद पंचायत अंबिकापुर के उप अभियंता विवेक सिंह राठौड़ को वित्तीय अनियमितता करने पर निलंबित कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2020-21 में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सरगुजा के द्वारा कराए गए निर्माण कार्य बाउंड्रीवॉल निर्माण सकालो (पशु चिकित्सा विभाग सूकर फार्म) में गुणवत्ताहीन कार्य कराते हुए शासकीय राशि का दुरुपयोग करने के संबंध में अधीक्षण अभियंता आरईएस द्वारा टीम गठित कर विस्तृत तकनीकी रूप से जांच की गई। जांच प्रतिवेदन अनुसार राशि रुपये 520617 का अधिक मूल्यांकन कर उक्त उप अभियंता, जनपद पंचायत अंबिकापुर के द्वारा संबंधित ठेकेदार को अतिरिक्त लाभ पहुंचाया गया है, जो कि वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। अपने पदीय दायित्वों के प्रति सनिष्ठ नहीं रहते हुए स्वैच्छाचारिता बरते जाने पर छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) (क) के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सरगुजा मण्डल, अंबिकापुर नियत किया गया है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष की कक्षाएं शुरू



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर में गुरुवार को बीएड प्रथम वर्ष की कक्षाएं प्रारंभ हुई, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में इंडक्शन प्रोग्राम एवं बाल दिवस का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष रानी रजक के नेतृत्व में कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी प्रशिक्षणर्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी गई एवं इंडक्शन प्रोग्राम की शुरुआत की गई। महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष रानी रजक द्वारा प्रशिक्षणर्थियों को इंडक्शन प्रोग्राम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बीएड पाठ्यक्रम के बारे में बताया गया। महाविद्यालय एवं इंटर्नशिप के दौरान किए जाने वाले गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। बताया गया कि बीएड हमारा एक ट्रेनिंग कोर्स है, जिसे अच्छे से करना है, हमें हमेशा अनुशासन में रहना है। शालीनता, सहानुभूति का व्यवहार अपनाना है। प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा ने भी प्रशिक्षणर्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया बीएड शिक्षकों के लिए एक अहम डिग्री है, यह कोर्स शिक्षकों को शिक्षण क्षेत्र में सफल करियर के लिए जरुरी ज्ञान एवं कौशल देता है। प्रशिक्षणर्थियों को मतदाता जागरूकता के बारे में बताया गया एवं शपथ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक मिथलेश गुर्जर, प्रीति साहू, सविता यादव, राधिका चौहान, सीमा बंजारे, पूजा रानी, गोल्डन सिंह, अजित सिंह परिहार, नितेश कुमार यादव, सुन्दर राम एवं स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने धान बेचने आए किसानों का पुष्प माला पहनाकर किया स्वागत

## इलेक्ट्रॉनिक कांटा की पूजा-अर्चना कर शुरू की धान तौलाई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी महाअभियान की शुरुआत हो चुकी है। सरगुजा जिले में कलेक्टर विलास भोसकर ने लखनपुर विकासखंड के जमगला धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर धान खरीदी का शुभारंभ किया। उपार्जन केंद्र जमगला में धान बेचने आए किसानों का कलेक्टर एवं पूर्व सांसद कमलभान सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्प माला पहनाकर एवं मीठा खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक कांटा की पूजा अर्चना कर धान की तौलाई शुरू की गई। बिनकरा निवासी भानु राजवाड़े अपने पिता के



साथ धान उपार्जन केंद्र धान विक्रय हेतु पहुंचे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद देते हुए भानु ने कहा कि धान खरीदी के पहले दिन वे अपने पिता के साथ 180 बोरी धान लेकर आए हैं। धान खरीदी हेतु बेहतर व्यवस्था की गई है। इसी तरह धान बेचने आए बिनकरा गांव के ही किसान बालचंद राजवाड़े ने कहा कि उनका 180 क्विंटल धान का टोकन कटा है। उन्होंने प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी के निर्णय हेतु मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त किया और संतुष्टि जताई। किसान सुबह से ही समितियों में धान लेकर बेचने पहुंचे। जिले में 39 आदिम जाति सहकारी समितियों के अंतर्गत 54 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जानी है। पहले दिन 8 उपार्जन केंद्रों में किसानों ने धान बेचने के लिए टोकन कटवाया। जिले में धान खरीदी का लक्ष्य 351074 एमटी रखा गया है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी का कार्य होगा, जिससे जिले के किसानों में धान खरीदी को लेकर खासा उत्साह का माहौल है। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, डीएमओ अरुण विश्वकर्मा एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आज

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में होंगी शामिल

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** 15 नवम्बर 2024 को पूरे प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार सरगुजा जिले में पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रातः 10.30 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जहां महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि



के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा क्षेत्र अंबिकापुर के विधायक राजेश अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के विधायक प्रबोध मिंज, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के विधायक रामकुमार टोप्पो, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, महापौर नगर पालिक निगम अम्बिकापुर डॉ. अजय तिर्की एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह शामिल होंगे। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभागीय स्टालों के माध्यम से जनजातीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इसके साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर विलास भोसकर ने आदिवासी बहुल सरगुजा जिले के जनता को जनजातीय गौरव दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं, साथ ही समस्त जिलेवासियों को कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया है।

सम्पादकीय

# खाद्य महंगाई को जल्द नियंत्रित करें सरकारें

महंगाई एक बार फिर से उच्च स्तर पर है। यह 14 महीनों में सबसे ज्यादा है। खाने-पीने की चीजें महंगी होने से अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.21 फीसदी पर पहुंच गई है। अगस्त 2023 में महंगाई दर 6.83 फीसदी रही थी। सितंबर में भी सब्जियां महंगी होने से खुदरा मुद्रास्फीति दर 5.49 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। महंगाई दर आरबीआई के लक्ष्य से अधिक है। झारखंड व महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में महंगाई भी एक मुद्दा है। खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर के ऊपर निकल गई है। पिछले साल इसी महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 4.87 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति के बास्केट में लगभग 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों से पता चलता है कि खाद्य महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 9.24 प्रतिशत से बढ़कर 10.87 फीसदी हो गई है, जो सितंबर में 9.24 प्रतिशत और पिछले साल अक्टूबर में 6.61 प्रतिशत थी। ग्रामीण महंगाई दर भी 5.87 फीसदी से बढ़कर 6.68 फीसदी और शहरी महंगाई दर 5.05 फीसदी से बढ़कर 5.62 फीसदी हो गई है। यानी देश में हर क्षेत्र में महंगाई बढ़ी हुई है। इन आंकड़ों से साफ है कि रिजर्व बैंक के मौद्रिक उपायों के बावजूद आम लोगों को खाद्य महंगाई से राहत नहीं मिल रही है। आरबीआई ने पिछले महीने नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा था। सरकार ने केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत घट-बढ़) पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। खुदरा मुद्रास्फीति पिछले साल सितंबर से आरबीआई के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से नीचे चल रही थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर के दौरान 'सब्जियों, फलों और तेलों और वसायुक्त वस्तुओं की कीमतों में काफी वृद्धि देखी गई। खुदरा मुद्रास्फीति चालू वित्त वर्ष (2024-25) की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के लिए एमपीसी के अनुमान से कम से कम 0.6-0.7 प्रतिशत अधिक रहने की संभावना है। इससे एमपीसी की आगामी बैठक में रेपो दर में कटौती की गुंजाइश नहीं लग रही है। अब अगले साल ही रेपो दर में आधा फीसदी तक की कटौती का दौर शुरू हो सकता है। लंबे समय से उद्योग जगत रेपो दर में कटौती का मांग कर रहा है। उच्च रेपो दर के चलते कर्ज पर ब्याज की दर अधिक है। इससे होम, ऑटो, व उद्योग क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। उच्च महंगाई दर लोगों की खरीद व बचत क्षमता को प्रभावित करती है, इससे उद्योग भी प्रभावित होता है। कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मेन्युफैक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जिनकी खुदरा महंगाई दर तय करने में अहम भूमिका होती है। करीब 300 सामान ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर खुदरा महंगाई का रेट तय होता है। इनकी कीमतों के अलावा, आयातित मुद्रास्फीति के बढ़ने, जलवायु जोखिम, आपूर्ति चेन में बाधा के कारण भी महंगाई बढ़ती है। जब देश की मुद्रा की मांग और पेशेवर विनिमय दर में गिरावट होती है, तो इसका असर भी महंगाई में दिखाई देता है। उत्पादन और वितरण में अद्यतनीकरण की कमी, अनियमितता में बाधाओं से महंगाई बढ़ जाती है। उच्च महंगाई से समाज के गरीब और मध्यमवर्गीय वर्ग को ज़्यादा असर पड़ता है। इसलिए सरकार को आपूर्ति सिस्टम ठीक करने पर ध्यान देना चाहिए और खाद्य निर्यात को नियंत्रित करना चाहिए। केवल रिजर्व बैंक के मौद्रिक उपायों के भरोसे रहकर महंगाई को नियंत्रित नहीं की जा सकती है।



दो टूक

राज कुमार सिंह

# वोट बैंक के विकास की राजनीति

> राजनीतिक दल देश के विकास की कीमत पर अपने वोट बैंक का विकास करते हुए सत्ता कब्जाते हैं और हर कोई मूकदर्शक बना रहता है। महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों में भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का यह बेलगाम खेल तब चल रहा है, जब देश के दो बड़े दलों और नेताओं में ऐसी गारंटियों पर वाक युद्ध चला। कांग्रेस और भाजपा में जारी वाकयुद्ध के बीच भी भाजपानीत राजग और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ियों के वायदे करने में संकोच नहीं किया। महाराष्ट्र में अपने-अपने चुनाव घोषणापत्र में दोनों ही गठबंधन मुफ्त की रेवड़ियां बांटने में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते नजर आते हैं।

मुफ्त की रेवड़ियों की चुनावी राजनीति फिर चर्चा में हैं। इस पर प्रतिबंध के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल हुई है तो महाराष्ट्र एवं झारखंड के विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त की रेवड़ियों की बारिश का मौसम है। चुनावी राज्यों में अक्सर 'त्योहारी सेल' जैसा माहौल होता है, जहां ग्राहक को आकर्षित करने में दुकानदार कोई कसर नहीं छोड़ते।

ग्राहकों को ऑफर का लाभ उठाने के लिए फिर भी अपनी कुछ जेब ढीली करनी पड़ती है, लेकिन राजनीति में तो करदाता की कमाई से राजनीतिक दल 'दानवीर' बनकर वोट बटोरते हैं। देश के विकास की कीमत पर अपने वोट बैंक का विकास करते हुए सत्ता कब्जाते हैं और हर कोई मूकदर्शक बना रहता है। महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों में भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का यह बेलगाम खेल तब चल रहा है, जब देश के दो बड़े दलों और नेताओं में ऐसी गारंटियों पर वाक युद्ध चला। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जो पांच गारंटियां दी थीं, उनमें महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की 'शक्ति' गारंटी भी है। पिछले दिनों कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का बयान आया कि कुछ महिलाओं ने टिकट लेकर यात्रा करने की इच्छा जतायी है, इसलिए 'शक्ति' योजना पर पुनर्विचार संभव है। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के बीच आये इस बयान पर शिवकुमार की पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नसीहत दी कि वे ही चुनावी वायदे किए जाने चाहिए, जिन्हें पूरा करना संभव हो। निश्चय ही खरगे को आशंका रही कि शिवकुमार के बयान से कांग्रेस द्वारा किए जाने वाले चुनावी वायदों की विश्वसनीयता पर असर पड़ सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खरगे के बयान को लपक कर कांग्रेस पर झूठे चुनावी वायदों का आरोप लगाने में देर नहीं लगायी, पर कांग्रेस और भाजपा में जारी वाकयुद्ध के बीच भी भाजपानीत राजग और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ियों के वायदे करने में संकोच नहीं किया। महाराष्ट्र में 10 नवंबर को जारी अपने-अपने चुनाव घोषणापत्र में दोनों ही गठबंधन मुफ्त की रेवड़ियां बांटने में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते नजर आते हैं। वोट की खातिर मतदाताओं पर अचानक राजनीतिक 'लाड़' उमड़ रहा है। पहले से भारी कर्ज में डूबे महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की इस होड़ का क्या असर पड़ेगा, इसकी चिंता किसी को नहीं। यही बात आदिवासी बहुल राज्य झारखंड की बाबत कही जा सकती है। चुनाव जीतने के लिए लोक लुभावन वायदों की राजनीतिक प्रवृत्ति तो पुरानी हैं, लेकिन मुफ्त की रेवड़ियां अब चुनाव जीतने का आसान कारगर नुस्खा बनती दिख रही हैं। देश भर में मोदी लहर के बावजूद दिल्ली में आप की चुनावी सफलता में मुफ्त पानी-बिजली जैसे वायदों ने निर्णायक भूमिका निभायी। दिल्ली में चुनाव-दर-चुनाव सफलता से उत्साहित अरविंद केजरीवाल अपने चुनावी वायदों को 'गारंटी' बताने लगे, जिसका लाभ आप को पंजाब में भी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता के रूप में मिला।

मुफ्त की रेवड़ियों या ऐसी गारंटियों के जरिये चुनाव



जीतने के लिए अक्सर केजरीवाल को निशाना बनाया जाता है, लेकिन शायद ही कोई दल हो, जो इन चुनावी नुस्खों को न आजमाता हो। हां, नामकरण अलग हो सकता है। कभी गारंटी कहा जाता है तो कभी संकल्प, तो कभी न्याय। विपक्षी दल तो कोरोना काल में शुरू की गयी 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को लगातार बढ़ाये जाने को भी इसी नजर से देखने-दिखाने लगे हैं। महाराष्ट्र में चुनाव की घोषणा से पहले हुई एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक में लगभग 150 लोक लुभावन घोषणाओं को चुनावी 'लॉलीपॉप' के सिवाय और क्या कहा जा सकता है?

कर्नाटक ही नहीं, हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस द्वारा चुनाव जीतने के लिए दी गयी गारंटियों पर अमल को लेकर जब-तब सवाल उठते रहते हैं, पर अन्य दलों द्वारा शासित राज्यों की कहानी भी अलग नहीं। वायदे सरकार बनते ही राज्य के कायाकल्प के किये जाते हैं, पर उनमें से ज्यादातर बड़े वायदे अंतिम समय तक लटके रहते हैं या फिर उन पर किंतु-परंतु के साथ प्रतीकात्मक रूप से ही अमल किया जाता है। ऐसा इसलिए भी, क्योंकि हर मतदाता वर्ग को लुभाने के लिए वायदों की बारिश करते समय उनकी व्यवहार्यता और आर्थिक प्रभाव का आकलन ही नहीं किया जाता। जाहिर है, कोई भी सत्तारूढ़ नेता या दल इन योजनाओं का आर्थिक बोझ नहीं उठाता। बोझ तो ईमानदार करदाताओं पर ही पड़ता है, जिनका प्रतिशत विदेशों की तुलना में हमारे देश में बहुत कम है। यह सवाल भी बार-बार उठता रहा है कि क्या उन करदाताओं से सहमति नहीं ली जानी चाहिए, जो देश के विकास के लिए तमाम तरह के कर देते हैं, न कि चुनावी 'रेवड़ियां' बांट कर सत्ता हासिल करने की गैर जिम्मेदार राजनीति के लिए?

बेशक नागरिकों को जीवन के लिए आवश्यक और न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध करवाना कल्याणकारी राज्य की जिम्मेदारी है। देश या प्रदेश की सरकार अपने नागरिकों को मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाये तो उसकी प्रशंसा ही की जाएगी। सीमित मात्रा में मुफ्त पानी और सस्ती बिजली जैसी सुविधाओं की सोच भी सकारात्मक है। पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर जैसी दैनिक उपभोग की चीजें भी आम आदमी की क्रय शक्ति के अंदर रखने की कोशिश की जानी चाहिए, लेकिन लैपटॉप, स्मार्ट फोन, साइकिल, टीवी, फ्रिज आदि मुफ्त बांटना तो मतदाताओं को रिश्वत देने जैसा है। फिर अब तो बात मासिक या सालाना नकद राशि देकर 'लाड़' जताने तक पहुंच गयी है। क्या यह 'लाड़' वोट का 'रिटर्न गिफ्ट' नहीं, जिसकी कीमत ईमानदार करदाता ही चुकाते हैं, जिनकी चिंताएं और जरूरतें अब चुनाव केंद्रित राजनीति में किसी के एजेंडा पर नहीं रह गयी हैं? कभी तमिलनाडु से शुरू हुआ मुफ्त की रेवड़ियों का यह चुनावी खेल का अब पूरे देश में खुल कर खेला जा रहा है। चुनाव-दर-चुनाव मुफ्त की रेवड़ियों की प्रवृत्ति बढ़ रही है और सरकारी खजाने पर उसका बोझ भी, जिसका नकारात्मक असर विकास कार्यों पर साफ नजर आता है।

बेशक इस बीच सवाल यह भी उठा कि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना 'रेवड़ी-राजनीति' है तो उद्योगों को तमाम तरह की रियायतें देना क्या है? राजनीतिक दलों में लोक लुभावन घोषणाओं की बढ़ती होड़ से साफ झलकता है कि इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से लेकर चुनाव आयोग तक की नसीहतें बेअसर रही हैं.. और वे नसीहत देने से आगे बढ़ना नहीं चाहते। अब आखिरी उम्मीद मतदाताओं पर टिकी है कि कभी तो वे मतदान तक सीमित कर दी गयी अपनी भूमिका से आगे नागरिक के रूप में अपने वास्तविक अधिकारों और दायित्वों को समझेंगे, ताकि लोकतंत्र को सत्ता का खेल भर बनने से बचाया जा सके।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

सियासी ट्रेंड

बाल मुकुन्द ओझा




# चुनावी नारे लगाएंगे पार्टियों का बेड़ा पार

चुनावी नारे मतदाताओं में जोश और उत्साह भरने का काम करते है। देश में किसी भी राज्य में चुनाव की रणभेरी बजते ही सियासी जुमलों और नारेबाजी की बाढ़ आ जाती है। चुनावी नारों की देश की राजनीति में बड़ी भूमिका रही है। इस समय महाराष्ट्र, झारखंड और विभिन्न राज्यों में हो रहे उप चुनावों में नेताओं के सियासी जुमलों, बोलों, नारों और बयानों ने देश की राजधानी से लेकर पंचायत तक पूरे भारत में चुनावी गर्माहट पैदा कर दी है। इस दौरान जुमले और नारे अपने परवान पर हैं। दोनों राज्यों के विधानसभा चुनावों में मुख्यतः एनडीए और इंडिया गठबंधन में चुनाव जीतने की जोर आजमाइश हो रही है और दोनों तरफ से तरह-तरह की जुमलेबाजी और नारेबाजी गढ़कर मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। यह सर्वविदित है नारे कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भरपूर जोश का संचार तो करते ही हैं, अपितु मुद्दों को चुनाव में स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप और बयानबाजियों के बीच प्रचार के लिए नारे सबसे बड़े चुनावी हथियार बने हैं। चुनावी महासमर में नारों की गूंज जितनी बलवती और ऊंची होती है, राजनीतिक दलों और नेताओं का जोश उतना ही हाई होता है। भारतीय राजनीति में नारों और जुमलों ने अच्छी खासी सुर्खियां बटोरी हैं। इस समय सबसे चर्चित नारा यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' गूंज रहा है। हरियाणा विधानसभा चुनाव जीतने के बाद योगी के इस बहुचर्चित नारे ने जोर पकड़ लिया है। इस नारे का पहली बार इस्तेमाल यूपी के सीएम ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की पृष्ठभूमि में आगरा में एक रैली में किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक है तो सेफ है' का नारा भी मतदाताओं में बुलंद हो रहा है। इसके जवाब में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने बीजेपी से योगी आदित्यनाथ के 'विभाजनकारी' नारे और पीएम मोदी के एकता संदेश के बीच फैसला करने को कहा। उन्होंने कहा कि पहले आप आपस में तय कर लें कि किसका नारा अपनाना है-योगी जी का या मोदी जी का। वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जुड़ेंगे तो जीतेंगे का नारा उछाला है। यूपी में विधानसभा की नौ सीटों पर उप चुनाव होने जा रहे हैं जहां भाजपा और सपा में नारों का पोस्टर वार चरम पर है। आजादी के बाद कांग्रेस ने नारा लगाया खरो रुपयो चांदी को, राज महात्मा गांधी को जो बाद में जुमला बनकर रह गया, यथार्थ में गांधी के रामराज का सपना कभी पूरा नहीं हुआ। बाद में एक जुमला गांधी के नाम पर उछाला गया जिसे हम मजबूरी का नाम महात्मा गांधी कहते हैं। नारों की चर्चा के बिना चुनाव की बात अधूरी लगती है। चुनावों के दौरान गरीबी हटाओ से लेकर इंदिरा हटाओ, देश बचाओ जैसे नारे खासे चर्चित रहे हैं। देश में चुनावी मौसम में नारों की सियासत कोई नई नहीं है। 1971 में इंदिरा गांधी ने, वे कहते हैं, इंदिरा हटाओ, मैं कहती हूं गरीबी हटाओ" का नारा बुलंद किया था। यह नारा उस दौरान लोगों के सिर चढ़कर बोला और इंदिरा गांधी अपनी पार्टी कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताने में सफल हुई। यह अलग बात है कि 'गरीबी हटाओ' सिर्फ नारे और जुमले तक सिमटकर रह गया और गरीबी उन्मूलन नहीं हुआ। आज़ादी के बाद कुछ नारे बहुतायत से जनता के बीच उछाले गए इनमें धन और धरती बंट के रहेगी, भूखी जनता चुप न रहेगी, देखो इंदिरा का ये खेल, खा गई राशन पी गई तेल, बेटा कार बनाता है मां बेकार बनाती है, नसबंदी के तीन दलाल- इंदिरा, संजय, बंसीलाल,एक शेरनी सौ लंगूर चिकमंगलूर-चिकमंगलूर, देश की जनता भूखी है यह आजादी झूठी है, जात पर न पात पर इंदिरा जी की बात पर, राजा नहीं फकीर है, देश की तकदीर है, सौगंध राम की खाते हैं हम मंदिर वहीं बनाएंगे, अटल, आडवाणी, कमल निशान, मांग रहा है हिंदुस्तान, तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार, यूपी को ये साथ पसंद है, मां, माटी, मानुष, मोदी है तो मुमकिन है, न खाऊंगा, न खाने दूंगा आदि-आदि नारे खूब प्रचलित हुए। इसी तर्ज पर 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह नारा 'अब की बार 400 पार' खूब प्रचलित हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में 'हर-हर मोदी, घर-घर मोदी' तथा 'चौकीदार चोर है' नारे खूब गूंजे। इनमें से कुछ नारे चुनाव जीताने में सफल हुए और कुछ असफल। फिर भी नारों की अपनी महत्ता है। नेताओं ने इन नारों के जरिये मतदाताओं को लुभाने के खूब प्रयास किए और अब भी कर रहे हैं। मतदाता भी तालियों की गड़गड़ाहट और हर्ष ध्वनि के साथ नारों का स्वागत करते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित

दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

# दो अनमोल हीरे



संकलित

प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहूंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत खुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**आलसी बनाएगी रेवड़ी संस्कृति**

देश में रेवड़ी संस्कृति पर रोक लगाने पर चर्चा होती है, लेकिन सवाल तो यह है कि इस पर रोक कौन लगाएगा? राजनेताओं को इस मुद्दे पर वोट बैंक बनाना होता है और लगभग सभी मतदाता मुफ्तखोरी को ध्यान में रखकर अपने कीमती मत का प्रयोग भी करते हैं, जबकि हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि रेवड़ी संस्कृति वो दीमक है जो देश की अर्थव्यवस्था को खोखला कर सकती है। चीन की आर्थिक स्थिति बेहतर होने का एक कारण यह भी है कि वहां हमारे देश जैसा रेवड़ी कल्चर नहीं है। मुफ्तखोरी का एक नुकसान यह हो रहा है कि जो लोग खेतीबाड़ी करते थे, उनमें से बहुत से लोगों ने खेतीबाड़ी करना और पशु पालना बंद कर दिया है। रेवड़ी संस्कृति लोगों को निकम्मा और आलसी ही बनाएगी।

*– सतीश उपाध्याय, जगदलपुर*

## ट्रेंड

**खनिज पर स्थानीय का हक**



खनिज संपदाओं और वन उपजों से संपन्न राज्य झारखंड को हेमंत सोरेन सरकार ने भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। भाजपा सरकार प्रदेश की संपदाओं पर स्थानीय निवासियों के अधिकार के लिए संकल्पित है। झरिया विधानसभा के लोगों ने ठान लिया है कि भाजपा को ही लाना है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

**पानी बचाना हमारा फर्ज**



पंजाब के पानी का रखरखाव और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे बचाना हमारी ड्यूटी ही नहीं, हमारा फर्ज भी है। इसलिए हमें एक सामाजिक लहर चलाने की आवश्यकता है। आओ, मिलकर इसे संभालें।

-भगवंत मान, सीएम, पंजाब


**एक बार में परीक्षा जरूरी**



क्या यूपी के पास बुनियादी सुविधाओं का इतना अभाव है कि पीसीएस आदि जैसी विशिष्ट परीक्षा दो दिन में करानी पड़ रही है। परीक्षाओं की विश्वसनीयता अहम मुद्दा है, जिसके लिए एक बार में ही परीक्षा व्यवस्था जरूरी। सरकार इस ओर ध्यान दे।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

**स्लमडॉग मिलियनेयर**



16 साल पहले 12 नवंबर को, स्लमडॉग मिलियनेयर उत्तरी अमेरिका में रिलीज हुई और जंगल की आग की तरह फैल गई। यह फिल्म न केवल मेरे जीवन को अनमोल रिश्तों से समृद्ध करती है, बल्कि वित्तीय रूप से भी सहायता प्रदान करती रहती है।

-अनिल कपूर, अभिनेता



## करंट अफेयर


# संरा सुरक्षा परिषद में सुधार की तत्काल जरूरत : भारत



भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के मौजूदा ढांचे में 'मामूली फेरबदल' की कोशिशों के खिलाफ आगाह करते हुए कहा कि इससे स्थायी सदस्यता में विस्तार और एशिया, अफ्रीका तथा लैटिन अमेरिका के कम प्रतिनिधित्व पर ध्यान देने जैसे महत्वपूर्ण तत्वों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया जा सकता है। ये टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने सोमवार को 'सुरक्षा परिषद में न्यायसंगत प्रतिनिधित्व और सदस्यता में वृद्धि का प्रश्न' विषय पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक पूर्ण सत्र में कीं। उन्होंने कहा कि यूएनएससी में सुधार की तत्काल आवश्यकता कई दशकों से सामूहिक रूप से दोहराए जाने के बावजूद, यह 'निराशाजनक है कि 1965 के बाद से इस संबंध में हमारे पास दिखाने के लिए कोई परिणाम नहीं है, जब सुरक्षा परिषद का अंतिम विस्तार केवल अस्थायी श्रेणी में किया गया था।' साल 1965 में परिषद की सदस्यता छह निर्वाचित सदस्यों से बढ़ाकर 10 कर दी गई थी।अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) की प्रक्रिया की प्रकृति की ओर इशारा करते हुए, हरीश ने कहा कि अपनी स्थापना के 16 साल बाद, आईजीएन एक-दूसरे के साथ संवाद के बजाय मुख्य रूप से बयानों के आदान-प्रदान तक ही सीमित है।

## ऑफ बीट

# केवल एक परमाणु पक्षी का रंग बदल सकता है



पूरे जंतु जगत में पक्षी सबसे रंगीन जीवों में से एक हैं। लेकिन इतने सारे रंगों वाले पक्षी अलग अलग कैसे होते हैं? चमकीले लाल, नारंगी और पीले पंख या चोंच वाले लगभग सभी पक्षी अपने रंग उत्पन्न करने के लिए कैरोटीनॉयड नामक पिगमेंट के समूह का उपयोग करते हैं। लेकिन, ये पक्षी सीधे तौर पर कैरोटीनॉयड नहीं बना सकते। उन्हें अपने आहार में पौधों से ये तत्व प्राप्त करने होते हैं। तोते इस नियम के अपवाद हैं, जिन्होंने रंगीन रंगद्रव्य बनाने का एक बिल्कुल नया तरीका विकसित किया है, जिसे 'सिटाकोफल्विन'' कहते हैं। वैज्ञानिकों को इन विभिन्न रंगों के बारे में कुछ समय से जानकारी है, लेकिन पक्षियों द्वारा रंग में भिन्नता लाने के लिए इनका उपयोग करने के पीछे के जैव-रासायनिक और आनुवंशिकी आधार को लेकर उनकी समझ अभी सीमित है। हालांकि, तोते और 'फिंच' (रंग बिरंगी छोटी चिड़ियों की प्रजाति) के बारे में हाल ही में किए गए दो अलग-अलग अध्ययनों ने इस रहस्य पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। एक अध्ययन 'करेंट बायोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है जिसका नेतृत्व हममें से एक (डैनियल हूपर) ने किया था। दूसरे अध्ययन का नेतृत्व पुर्तगाली जीवविज्ञानी रॉबर्टो अबोरे ने किया और उसे 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित किया गया।



# दोबारा 'शक्तिमान' बनने पर हुए ट्रोल

**नई दिल्ली।** मुकेश खन्ना 'शक्तिमान' बन वापस लौट रहे हैं। हालांकि, नेटिजन्स 66 वर्षीय अभिनेता के इस फैसले से नाखुश हैं और उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं। मुकेश खन्ना ने बीते दिन पोस्टर और टीजर जारी कर साफ किया कि वह 'शक्तिमान' के रूप में लौट रहे हैं। साथ ही उन्होंने वर्तमान पीढ़ी के बारे में एक टिप्पणी की। इस ऐलान के बाद से ही मुकेश खन्ना को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। एक यूजर ने टिप्पणी कर कहा, 'कल्पना करें कि लड़ाई के कुछ मुकाबलों के बाद शक्तिमान को मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है।'

## लाइफ Style

# समांथा
## पढ़ाई के लिए नहीं थे पैसे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



हाल ही में वरुण धवन के साथ वेब सीरीज 'सिटाडेल: हनी बनी' में नजर आईं हैं। समांथा रुथ प्रभु ने 'सिटाडेल: हनी बनी' के लिए करीब 10 करोड़ रुपए चार्ज किए हैंम. हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

समांथा रुथ प्रभु ने एक बार खुलासा किया था कि एक्टिंग का करियर उन्हें पैसों की कमी को पूरा करने के लिए चुनना पड़ा था। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था, जब उनके पास पढ़ाई करने के पैसे ही नहीं थे, क्योंकि पिता ने उनके कर्ज को चुकाने से इनकार कर दिया था। लेकिन, यह उनके लिए अच्छा भी हुआ। इसके बाद से उनकी जिंदगी बदल गई थी और वह फिल्मों में आ गईं।

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़ी एक्ट्रेस में से एक सामंथा 'मर्सल', 'महानती', 'यूटर्न', 'शाकुंतलम', 'यशोदा', 'खुशी' जैसी कई फिल्मों का हिस्सा रही हैं। हाल ही में वरुण धवन के साथ वेब सीरीज 'सिटाडेलः हनी बनी' में नजर आईं हैं। समांथा रुथ प्रभु ने 'सिटाडेलः हनी बनी' के लिए करीब 10 करोड़ रुपए चार्ज किए हैंम. हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

अगर मीडिया रिपोर्ट्स को सच मानें तो ओटीटी पर सबसे ज्यादा चार्ज करने वाली एक्ट्रेस बन गई हैं। इससे पहले एक्ट्रेस मनोज बाजपेयी की 'द फैमिली मैन 2' भी कर चुकी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# आगे बन सकती है फिल्म ब्लेड

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो की सुपरहीरो वाली फिल्में अमेरिका से लेकर दुनिया के कई देशों तक में देखी जाती हैं। हाल ही में मार्वल के चीफ क्रिएटिव ऑफिसर केविन फाइगी ने इशारा किया कि उनकी एक फिल्म 'ब्लेड' भी बन सकती है। उन्होंने स्कार्लेट विच की वापसी पर भी बात की। केविन फाइगी ने एक बातचीत में बताया कि भले ही अभी 'ब्लेड' उनके फिल्म मेकिंग कैलेंडर का हिस्सा ना हो, लेकिन वह इस फिल्म को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। यह फिल्म वैंपायर की कहानी पर आधारित थी।



# 'व्हाट इफ' एनिमेशन की सीरीज का ट्रेलर जारी...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल एनिमेशन ने व्हाट इफ... के तीसरे और अंतिम सीजन का आधिकारिक ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसमें हैरतअंगेज चीजें देखने को मिलेगी। इस बार सीरीज को और भी इंटरेस्टिंग बनाने के लिए थंडर की देवी के रूप में स्टॉर्म (एलिसन सीली स्मिथ) को शामिल किया गया है। इसके अलावा शांग-ची (सिमू लियू) को एक चरवाहे के रूप में और अगाथा हार्कनेस (कैथरीन हैन) और भी बहुत कुछ। इस सीजन में 'स्ट्रोरम'(ओरोरो मुनरो) के किरदार को दिखाया गया है, जो मार्वल के एक्स-मेन फ्रंचाइजों से एक प्रमुख और शक्तिशाली किरदार रहा है। "व्हाट इफ...? " 22 दिसंबर से डिज्नी+ पर स्ट्रीम होना शुरू होगी, जिसमें आठ दिनों तक रोजाना एक नया एपिसोड दिखाया जाएगा। 'वॉट इफ' इस पर आधारित है कि अगर मार्वल की फिल्मों और कॉमिक्स में किसी घटना का नतीजा अलग हुआ होता, तो दुनिया कैसी होती?



# 'डेढ़ फुटिया' नाम से पुकारता था एक्टर


**नई दिल्ली।** रानी मुखर्जी ने 27 साल पहले, यानी 1997 से इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत 'राजा की आएगी बारात' से की। बॉलीवुड उन्होंने एक से बड़कर एक फिल्में दीं। 90 के दशक में उन्होंने अपनी प्यारी आवाज, शानदार एक्टिंग और दिलकश खूबसूरती से चंद सेकेंड पर हर किसी को अपना दीवाना बनाया। एक्टिंग के साथ एक्ट्रेस अपनी हाईट को लेकर भी सुर्खियों में रहीं। बॉलीवुड में उन्होंने कई सुपरस्टार्स के काम किया। लेकिन उन्हीं के साथ 2 फिल्मों में उनका हीरो रहा उन्हें 'डेढ़ फुटिया' कहा करता था। रानी को 'डेढ़ फुटिया'बुलाने वाला एक्टर कोई और नहीं है, बल्कि बॉबी देओल है। बॉबी और रानी के बीच अच्छी दोस्ती है और इसी दोस्ती लेहजे में बॉबी एक्ट्रेस को छेड़ा करते थे। दोनों ने एक साथ फिल्म 'बिच्छू'और 'बादल'में काम किया था।



# एक-दूसरे को चुनौती देना भी जरूरी

**मुंबई।** अर्जुन कपूर का अपनी बहनों जान्हवी और खुशी कपूर के साथ रिश्ता समय के साथ मजबूत होता गया है। अभिनेता ने हाल ही में अपनी छोटी बहनों पर प्यार लुटाया, और बताया कि कैसे पिछले कुछ वर्षों में वह अपनी बहनों के साथ काफी बातचीत करने लगे है। अर्जुन कपूर ने बहन जान्हवी के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया है और बताया है कि पिछले कुछ वर्षों में उनके बीच का संबंध और गहरा होता गया है। अर्जुन कपूर का मानना है कि जहां प्रशंसा महत्वपूर्ण है, वहीं जरूरत पड़ने पर एक-दूसरे को चुनौती देना भी उतना ही जरूरी है। वह जान्हवी के काम करने के तरीके और अपने करियर में जोखिम लेने की इच्छा की प्रशंसा करते हैं, और जब भी उन्हें जरूरत होती है, वह उन्हें समर्थन देते हैं।

## टीवी मसाला



# इस टीवी अभिनेता ने पत्नी को कई दफा दिया धोखा...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन अभिनेता अमित टंडन को 'दिल मिल गए' और 'ये है मोहब्बतें' जैसे शो में उनकी दमदार भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। हालांकि, इन दिनों अभिनेता छोटे पर्दे से पूरी तरह गायब हैं। इसी बीच अमित को एक इंटरव्यू के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे करते देखा गया है। अमित ने कबूल किया है कि उन्होंने अपनी पत्नी रूबी को एक या दो नहीं, बल्कि कई दफा धोखा दिया। अभिनेता ने यह भी बताया कि कैसे इन चीजों ने उनके रिश्ते को तबाह कर दिया। मैंने अपनी इच्छाओं को खुद पर हावी होने दिया। उन पलों में मैंने अपने अतीत के कुछ हिस्सों को आगे बढ़ने दिया। जाहिर है, कुछ वक्त तो उनको कुछ पता भी नहीं था। लेकिन, जब उन्हें पता चला, तो सबकुछ बर्बाद हो गया। हालांकि, मुझे लगता था कि बच्चा होने के बाद सबकुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है।' अमित और रूबी ने 2007 में शादी की थी और उनकी एक बेटी जिनाया हैं। उनकी शादी उथल-पुथल भरे दौर से गुजरी। दोनों साल 2017 में अलग हो गए। हालांकि, कुछ समय अलग रहने के बाद वे 2019 में सामंजस्य बिठाने में कामयाब रहे।

## या रब...मुझे नहीं पता तुम्हारा क्या प्लान है



**नई दिल्ली।** लोकप्रिय टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से दर्शकों के बीच लोकप्रिय हुई अभिनेत्री हिना खान कैंसर के खिलाफ जंग लड़ रही हैं। इस बीमारी का उपचार कराते हुए वे अपने पेशवर जिंदगी में भी सक्रिय हैं। उनकी हिम्मत और हौसले को देख सब तारीफ कर रहे हैं। हिना हर समय सकारात्मक रहती हैं और मजबूती से परिस्थितियों का सामना कर रही हैं। लेकिन, हाल ही में उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा किया है। हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'या रब, मैं नहीं जानती कि मेरे लिए आपका क्या प्लान है? लेकिन फिर भी, मैं हमेशा आप पर भरोसा करना चुनूंगी। दर्द में भी, आंसुओं में भी, अनिश्चितताओं में भी, मुझे मेरे लिए आपकी योजनाओं पर पूरा भरोसा है। मुझे इन सब से उबरने के लिए तौफीक और हिदायत दो। आमीन'। हिना खान अपने कैंसर के उपचार से जुड़ी हर जानकारी सोशल मीडिया पर साझा कर रही हैं। कीमोथैरेपी से लेकर बालों के झड़ने तक हर, चीज उन्होंने सोशल मीडिया पर अपडेट की।

# अमिताभ ने निम्रत कौर को भेजा था लेटर, अब हुआ वायरल...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के बीच तलाक की अफवाहों का सिलसिला महीनों से चल रहा है। तलाक की इन अफवाहों के बीच, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अभिषेक का 'दसवी'की को-एक्ट्रेस रही निम्रत कौर संग अफेयर चल रहा है। हालांकि, इस पर न तो बच्चन फैमिली की तरफ से कोई रिएक्शन आया है और नहीं निम्रत या ऐश्वर्या ने प्रतिक्रिया दी है। इन अफवाहों के बीच, अमिताभ बच्चन द्वारा निम्रत कौर को हाथ से लिखे गए एक लेटर की तस्वीर सोशल मीडिय पर वायरल हो रही है। अमिताभ बच्चन ने साल 2022 मे 'दसवीं' में निम्रत कौर की परफॉर्मेंस के लिए सराहना पत्र भेजा था. इस पत्र में उन्होंने लिखा था, 'हमारे बीच शायद ही कोई बातचीत या मुलाकात हुई हो। आखिरी तारीफ मैंने वाईआरएफ इवेंट में कैडबरी के विज्ञापन के लिए की थी। लेकिन 'दसवी' में आपका काम असाधारण है, बारीकियां, हाव-भाव, सब कुछ! मेरी तरफ ढेर सारी बधाई, सराहनीय।'



***निम्रत कौर को लग रहा था सपना :*** निम्रत कौर ने अमिताभ बच्चन का लेटर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए प्रतिक्रिया दी थी और एक लंबा कैप्शन लिखा था। उन्होंने लिखा था, '18 साल पहले, जब मैंने पहली बार मुंबई में कदम रखा था, तो सोचा था कि अमिताभ बच्चन एक दिन मेरा नाम जानेंगे, हमारी मुलाकात को याद रखेंगे, एक विज्ञापन में मेरे काम की सराहना करेंगे'

***निम्रत ने अमिताभ को बताया पिता समान:*** निम्रत कौर ने आगे लिखा था, 'और, सालों बाद, एक फिल्म में मेरे द्वारा किए गए काम के लिए एक नोट और फूल भेजेंगे, यह सब मेरे लिए एक दूर का सपना जैसा लगता था, शायद किसी और का सपना है, मेरा अपना नहीं। अमिताभ सर, आपको मेरा सहप्रेम, अनंत धन्यवाद. आज अल्फ़ाज और भावनाएं, दोनों कम पड़ रही हैं। आपका यह स्नेहपूर्वक पत्र आजीवन मुझे प्रेरित करता रहेगा और आपके इस अमूल्य गुलदस्ता रूपी आशीर्वाद की महक मेरी जिंदगी के हर क़दम पर बनी रहेगी।

# साउथ की इस फिल्म का सस्पेंस उड़ा देगा होश...




**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्म किष्किंधा कांडम इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने रिलीज होते ही धमाल मचा दिया था। इस फिल्म की कहानी ने लोगों को इतना इंप्रेस किया कि हर कोई इसकी तारीफ करते नहीं रुक रहा है। सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने को तैयार है और इसे यहां भी बहुत पसंद किया जाने वाला हैं। फिल्म ने इतना तगड़ा कलेक्शन किया था कि हर कोई इसके सस्पेंस का दीवाना हो गया है। इसका सस्पेंस देखकर तो अजय देवगन की दृश्यम तक भूल जाएंगे। किष्किंधा कांडम सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म हैं। इसमें आसिफ अली, अपर्णा बालामुरली और विजयराघवन लीड रोल में नजर आए हैं। किष्किंधा कांडम को दिनजीत अय्याथन ने डायरेक्ट किया है वहीं इसे बाहुल रमेश ने लिखा है। 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

## अमजद खान और शेहला खान की शादी साल 1972 में हुई थी

# पड़ोसन के लिए धड़का गब्बर सिंह का दिल, रास्ते में रोक किया प्रेम का इजहार

**नई दिल्ली।** एक लड़का था जो कॉलेज में पढ़ता था। लड़की स्कूल जाया करती। दोनों पड़ोस में रहते। रोज का मिलना था। साथ में बैडमिंटन भी खेलते। लड़की उस लड़के से भैया बोला करती। लेकिन, फिर आगे वही लड़का उसका हमसफर बन गया। पढ़ते हुए ये किसी उपन्यास की काल्पनिक पंक्तिया लग सकती हैं। लेकिन, यह हकीकत है। हकीकत है अमजद खान की जिंदगी की। कॉलेज जाने वाले लड़के वे खुद थे और स्कूल में पढ़ने वाली लड़की उनकी हमसफर शेहला। आइए जानते हैं, यह प्रेम कहानी कैसे शुरू हुई...



*फिल्म 'शोले' का डाकू गब्बर सिंह कितना कड़क मिजाज था। उसकी खूंखार हंसी, क्रूरता और डायलॉग सबकुछ लोगों के जेहन में बसा है। इस किरदार को अमजद खान ने अदा किया। अभिनेता की अदाकारी की तरह ही उनकी प्रेम कहानी भी अनोखी है।*

### 14 की शेहला पर आया अमजद का दिल

अभिनेता अमजद खान की आज जयंती है। वे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी जिंदगी और फिल्मों के किस्से आज भी हैं। उनकी जिंदगी पर गौर करें तो उनकी लव स्टोरी सबसे दिलचस्प है। अमजद खान और शेहला खान की शादी साल 1972 में हुई। शेहला की उम्र जब महज 14 साल थी, तभी अमजद खान का दिल उन पर आ गया। अपनी और अमजद की लव स्टोरी के बारे में खुद शेहरा ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था।

### जब अमजद खान ने जताई आपत्ति

शेहला के मुताबिक, वे और अमजद खान मुंबई के बांद्रा में एक-दूसरे के पड़ोसी थे। शेहला अमजद खान को जयंत अंकल के बेटे के तौर पर जानती थीं। उस वक्त शेहला की उम्र 14 बरस थी और वे स्कूल में पढ़ा करती थीं। वहीं, अमजद खान कॉलेज में थे। दोनों एक-दूसरे के साथ बैडमिंटन खेलते थे। हालांकि, उस वक्त प्यार-मोहब्बत जैसा कुछ नहीं था और शेहला अभिनेता को भैया कहा करतीं। वहीं, अमजद खान का दिल शेहला के लिए धड़कने लगा था और उन्होंने शेहला के 'भैया' संबोधन पर आपत्ति जताई।



### पिता ने कर दिया था इंकार

अमजद खान ने शेहला से कहा, 'मुझे भैया मत कहा करो'। इसके बाद एक रोज शेहला जब स्कूल से लौट रही थीं तो अमजद खान ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। कहा, 'जल्दी से बड़ी हो जाओ। मैं तुमसे शादी करूंगा'। फिर कुछ समय बाद अमजद खान ने शेहला के घरवालों से उनका हाथ मांग लिया। तब शेहला की उम्र कम होने के चलते उनके पिता ने इनकार कर दिया। धीरे-धीरे दोनों की प्रेम कहानी और आगे बढ़ी। साल 1972 में इनकी शादी हो गई। अमजद और शेहला के तीन बच्चे हुए।

# जनजाति समाज का एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



भैयाथान। पंडित रविशंकर त्रिपाठी शासकीय महाविद्यालय भैयाथान में जनजाति समाज का ऐतिहासिक सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजाति समाज के ऐतिहासिक योगदान और समृद्ध संस्कृति को समझना और प्रचारित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री माननीय राम सेवक पैकरा,कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील साहू एवं मुख्य वक्ता जनजाति गौरव समाज के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता, बिरसा मुंडा एवं शहीद वीरनारायण सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन व राजकीय गीत गायन के साथ किया गया। संस्था के प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते ने स्वागत उद्बोधन देते हुए जनजाति समाज के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर उनके योगदान व बलिदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामसेवक पैकरा ने अपने संबोधन में जनजाति नायकों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उपलब्धियों और योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुनील साहू ने जनजाति समाज को देश का गौरव बताते हुए इस समाज को सच्चा प्रकृति पूजक बताया जो जल जंगल भूमि के लिए अपना बलिदान दे देता है। रानी दुर्गावती और शहीद वीर नारायण सिंह के संघर्षों और उनके देश के प्रति योगदान का भी व्याख्यान किया। कार्यक्रम को वक्ता दिनेश सिंह, सत्यनारायण सिंह, मार्तंड साहू ने भी किया। प्राध्यापक चोलसाय चेरवा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रकाश दुबे, अमन प्रताप सिंह, हृदय सिंह, बाबूलाल सिंह, अभय गुप्ता, रूपेंद्र कुशवाहा एवं इमरान अहमद, संदीप पाल, शिव पाण्डेय एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं सहित शैक्षणिक एवम् कार्यालयीन स्टॉफ मौजूद रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




भैयाथान। मुख्यमंत्री डीएवी पब्लिक स्कूल प्रांगण में बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े, अध्यक्षता डीएवी एआरओ विधु शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने पं जवाहर लाल नेहरू के तस्वीर पर संयुक्त रूप से पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे कल के भारत बनाएंगे। बच्चे देश का भविष्य और समाज की नींव होते हैं, इसलिए उनके उत्थान हेतु हमे हर संभव प्रयास करना चाहिए। किसी भी देश के विकास के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास बहुत जरूरी है इन्ही के कंधो पर समाज और देश की जिम्मेदारी होती है इसलिए बच्चों के सर्वांगीण कौशल विकास हेतु बेहतर माहौल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी है। इन्हीं भावी प्रतिभाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए स्कूल में हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाता है। बाल दिवस बच्चो का राष्ट्रीय पर्व है। इस पर्व की कोई राष्ट्रीय छुट्टी नहीं होती। बाल दिवस को बच्चे अपने जन्मदिन की तरह मनाते हैं। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों को मिठाई खिलाकर बाल दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम को डीएवी एआरओ विधु शर्मा ने भी संबोधित किया। प्राचार्य ब्रजेश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का आभार प्रकट करते हुए विद्यालय हेतु पेयजल व्यवस्था, शौचालय, रंग रोगन की मांग भी रखी। जिस पर श्री राजवाड़े ने मंत्री से चर्चा कर अतिशीघ्र मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

# बैकुंठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर पूजा अर्चना उपरांत महिलाओं ने मनाया दीप उत्सव

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजगंज//कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को वैकुण्ठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने देवालय एवं शिवालय में भगवान विष्णु एवं भगवान शिव की पूजा आराधना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा विधि विधान से करने पर व्यक्ति को मृत्यु के बाद वैकुण्ठ की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान शिव ने कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी को भगवान विष्णु को सुदर्शन चक्र दिया था। आज के दिन भगवान विष्णु के साथ ही देवों के देव महादेव की भी पूजा करने का विधान है। वैकुण्ठ चतुर्दशी एक ऐसी तिथि है, जो वर्ष में एक बार उपलब्ध होती है और इसका विशेष महत्व है। वैकुण्ठ चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु तथा भगवान शिव की पूजा एक साथ की जाती है। ऐसा बहुत ही कम अवसर प्राप्त होता है, जब इन दोनों देवों की पूजा एक साथ होती है। ऐसी भी मान्यता है कि जब भगवान विष्णु देवउठनी एकादशी को योग निद्रा से जागृत होते हैं, उसके बाद से ही भगवान शिव के ध्यान में लीन हो जाते हैं। इस दिन श्राद्ध और तर्पण कर्म करना भी उत्तम माना जाता है। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए योद्धाओं का श्राद्ध वैकुण्ठ चतुर्दशी को ही कराया था। वही नगर की महिलाओं के द्वारा प्राचीन राम मंदिर में श्रद्धा पूर्वक दीप उत्सव का कार्यक्रम मनाते हुए नगर के अन्य मंदिरों में दीप प्रज्वलित किया गया।

# भाजपा सरकार द्वारा चुनाव संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा किए जाने पर किसानों ने जताई खुशी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर क्षेत्र के किसान सोहर सिंह, जगदीश केंवट तथा हेमचंद्र प्रजापति ने भाजपा सरकार द्वारा चुनाव संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा किए जाने पर विष्णु देव साय सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए बताया कि खरीफ वर्ष 2014-15 व 2015-16 का दो वर्ष का बोनस राशि दिया गया जो किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है उन्होंने कहा कि उक्त बोनस राशि का भुगतान करने से किसानों में भाजपा सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है।

रामानुजनगर। जिले के प्रभारी व खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने यहां रामानुजनगर तहसील अंतर्गत आदिम जाति सेवा समिति देवनगर में धान खरीदी महापर्व का भव्य शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मंत्री बघेल द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर किसानों को पुष्पहार से स्वागत कर धान खरीदी प्रारंभ की गई। इस अवसर पर छः किसानों ने 360.20 क्विंटल धान विक्रय किया। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने धान खरीदी महापर्व का शुभारंभ कर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अन्नदाता हमारे प्रदेश की आत्मा हैं उनकी मेहनत का पूरा दाम व सम्मान मिले इसके लिए हमारी सरकार हमेशा तत्पर रही है। छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है इसे समृद्ध बनाने के लिए छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार लगातार सकारात्मक फैसले ले रही है और आगे भी किसान हित में विभिन्न योजनाओं की शुरूआत की जाएगी। किसानों से उनकी उपज खरीदने में पारदर्शिता के साथ तय समय-सीमा में भुगतान हो इस पर हमने विशेष ध्यान दिया है। धान खरीदी में किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए मंत्री ने प्रशासनिक अमले व संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि शासन के मंशानुरूप तय मानकों के आधार पर धान खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मंत्री बघेल ने मिडिया को भी संबोधित करते हुए कहा कि मिडिया सरकार का अहम सहयोगी होता है इसलिए पत्रकार साथियों की भी जिम्मेदारी है कि जहां कहीं भी धान खरीदी में किसानों को दिक्कत हो या खरीदी प्रभारियों द्वारा किसानों को परेशान किए जाने की सूचना मिले तो अपने माध्यम से सरकार को अवगत कराएं। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि किसानों का उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है किसान हितैषी हमारी सरकार द्वारा किसानों से जो वादे किए गए थे उसे पूरा किया जा रहा है। विधायक ने विभागीय अधिकारियों तथा खरीदी प्रभारियों से कहा कि किसानों से शासन द्वारा निर्धारित मात्रा में ही खरीदी करें व बिचौलियों पर विशेष निगरानी रखें जिससे वास्तविक किसानों को धान विक्रय करने में सहूलियत हो। इस अवसर पर विधायक ने किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल वरिष्ठ नेता भीमसेन अग्रवाल जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता कलेक्टर एस जयवर्धन सहित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी भाजपा नेतागण तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# ग्रीन वेली पब्लिक स्कूल दतिमा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस, बच्चो ने बनाया यादगार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




दतिमा मोड़- पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस के अवसर पर अशासकीय ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल दतिमा में बड़े ही धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। नेहरू जी के जयंती के शुभ अवसर पर बाल-मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष अनूप जायसवाल ने दीप प्रज्वलित किया व चाचा नेहरू के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए मेले का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि श्री अनूप जायसवाल द्वारा छात्रों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन करते हुए स्वादिष्ट व्यंजन चखकर उनका उत्साहवर्धन किया और बच्चों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश में बाल दिवस जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस पर बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है जिन्हें बच्चे बड़े प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। नेहरू जी को बच्चों से बहुत लगाव था और उनका मानना था कि बच्चे देश के भविष्य हैं। इस दौरान बाल दिवस में अवसर पर बच्चों ने जलेबी दौड़, म्यूजिकल चेयर, बोरी दौड़, साइकिल रेस, सुई धागा, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, थ्री लैग रेस, रास्साकशी में स्कूली बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किए। जिसमें सभी बच्चे बहुत खुश नजर आए। ग्रीन वेली पब्लिक स्कूल में समय-समय पर पढ़ाई के साथ बहुत अच्छी गतिविधियां भी होती है आने वाले समय में शिक्षा के स्तर को और बढ़ाया जा सके, शाला प्रबंधक के द्वारा हर प्रयास की जा रही है। इस बीच स्कूल संचालक राजू यादव व विद्यालय प्राचार्य संजीत कुमार सिंह ने सभी को बाल दिवस की बधाई दी और कहा कि बच्चे हमारे देश की धरोहर हैं, बाल दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें सुरक्षित माहौल देना और शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देना है। यह दिन बच्चों के खुशी का प्रतीक है, साथ ही उनके अधिकारों के प्रति समाज में जिम्मेदारी को बढ़ावा देता है इस मेले का बच्चे व अभिभावकों ने खूब लुत्फ उठाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंकित जायसवाल, राजेश यादव सहित खेल आयोजनकर्ता अमन जायसवाल शिक्षक अजय जायसवाल, तुलेश्वर रजवाड़े, रामाश्रय सिंह, वाजिद अंसारी, ऊषा सिंह, जसविंदर कौर, रोशनी यादव, सना आजमी, शालिनी, भोली, दीप्ति, रुकमणी सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

# बंग समाज के द्वारा ग्राम धनगांव में की जा रही 42 वर्षों से रासलीला उत्सव का आयोजन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रामानुजगंज//जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत धनगांव में विगत 42 वर्षों से रासलीला उत्सव का कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष होते चले आ रहा है इस वर्ष भी 15 नवंबर से 23 नवंबर 2024 तक श्री राधा कृष्ण मंदिर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त रासलीला की शुरूआत आज से 42 वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश के पगला बाबा विश्वनाथ गिरी ने श्री कृष्ण भगवान की रासलीला उत्सव का शुभारंभ किया था। जिस परंपरा को बंग समाज के लोग विधि विधान पूर्वक आज भी निभाते चले आ रहे हैं उक्त उत्सव में पूरे संभाग भर से लोग शामिल होते हैं यहां तक की छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्य स्तरीय नेताजी इस रासलीला का आनंद उठाने के लिए शिरकत करने आते हैं। आयोजन समिति के बाबू हालदार मंगल विश्वास चंद्रकांत साना मनजीत मंडल शंकर मुखर्जी ने बताया कि नव दिवसीय आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मणों एवं कई पुजारीओं के द्वारा पूजा पाठ की जाती है।

## न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-25

ग्राम कुनकुरी, तहसील कुनकुरी

रविकान्त मानिक पिता अनिल राम मानिक, उम्र 23 वर्ष, जाति कुम्हार, साकिन कुनकुरी, तहसील कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.)

आवेदक

अनावेदक

बनाम

छ.ग. शासन

**-उद्घोषणा:-**

एतद् द्वारा ग्राम कुनकुरी, प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. कुनकुरी, तहसील कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.) की जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रविकान्त मानिक पिता अनिल राम मानिक, उम्र 23 वर्ष, जाति कुम्हार, साकिन कुनकुरी, तहसील कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कुनकुरी स्थित अपने निजी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 213/53 रकबा 0.332 हे., भूमि में से रकबा 0.024 हे. भूमि पर मकान निर्माण हेतु आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि के व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई दिनाँक 20/11/2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। उक्त नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनाँक 04/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)

कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.)

## न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

**रा.प्र.क्र. ......ब-121/2024-25**

**ग्राम-जमुनिया तहसील राजपुर**

**ईष्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालगोविन्द आ0 मुड़ियार जाति कोरवा निवासी ग्राम नरसिंहपुर थाना तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा अपने बाबा करमू आ0 सिफल की मृत्यु ग्राम जमुनिया में दिनांक 04.05.2009 को हुआ है। किन्तु जन्म /मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वष कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेष है। जो न्यायालय मे मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेषी तिथि 18/11/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेष कर सकता है। नियत दिनांक के पष्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 11/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी

राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

## न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0

**रा.प्र.क्र.-2024050212000......../अ-6/2023-24**

**ईष्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदिका श्रीमती सुभद्रा सिंह पत्नि स्व. गुलाबचन्द गुप्ता, निवासी मायापुर अम्बिकापुर के द्वारा कथन किया गया है, कि आवेदिका पति गुलाबचन्द गुप्ता के संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि, नगर अम्बिकापुर, शीट नं, 03, मोहल्ला मायापुर, भूखण्ड क्रमांक 1644 रकबा 0.02 एकड़ भूमि है। आवेदिका के पति गुलाबचन्द की मृत्यु दिनांक 15.08.2024 को हो गई है। अतः उक्त भूमि के सह भूधारक गुलाबचन्द गुप्ता की मृत्यु हो जाने के कारण आवेदिका द्वारा स्वयं को मृत्तक भूधारक के वैद्य उत्तराधिकारी बताते हुए फौति नामांतरण के आधार पर उक्त भूमि के अभिलेख में स्वयं का नाम दर्ज कराने बावत आवेदिका द्वारा मृत्तक भूधारक के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पष्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

# परशुरामपुर सरपंच लालकेश्वर सिंह सरूता के द्वारा बाल दिवस के अवसर पर विवेकानंद कम्प्यूटर एजुकेशन रामानुजनगर के छात्रों एवं संस्था के शिक्षकों को किया गया सम्मानित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रामानुजनगर :- बाल दिवस के अवसर पर विवेकानंद कम्प्यूटर एजुकेशन रामानुजनगर में बड़े ही उत्साह के साथ बाल दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें बालक बालिकाओं के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता और कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्रों ने भाग लिया, और पीजीडीसीए के छात्र एवं परशुरामपुर सरपंच लालकेश्वर सिंह सरूता और छात्र नेता विनय दास महंत के द्वारा सभी छात्रों को पुरस्कार के रूप में पेन एवं डायरी वितरण कर सम्मानित किया गया। और चाचा नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर सरूता ने बताया की हमें चाचा नेहरू के द्वारा बताये गये सिंद्धातों पर चलने की जरूरत है। क्योंकि वे बच्चों के प्रति काफी स्नेह रखते थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीजीडीसीए के छात्र एवं परशुरामपुर के सरपंच लालकेश्वर सिंह सरूता, विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्र नेता विनय दास महंत, विवेकानंद कम्प्यूटर एजुकेशन के संचालक संतोष साहू, एवं संस्था के शिक्षक जयनंदन देवागंन, धनंजय राजवाडे, बलराम एवं पूर्व शिक्षिका अफशाना बेगम और समस्त छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे। और कार्यक्रम का समापन संस्था के संचालक संतोष साहू के द्वारा आभार व्यक्त कर किया गया।

## न्यायालय कार्यालय दण्डाधिकारी बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ०ग०

**//ईश्तहार//**

क्रमांक / वाचक-2/तह०/2022

बैकुण्ठपुर दिनांक 5/11/24

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी / नगरवासी ग्राम आनी को आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका तेजप्रताप पिता/पति लक्ष्मण सिंह जाति गोड निवासी आनी तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के द्वारा स्व० मानकुवंर निवासी आनी का जन्म/मृत्यु दिनांक 12/9/2023. को होने के कारण जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20/11/2024 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निधारित समयावधि के बाद प्राप्त आपित्तयों पर कोई सुनवाई नही होगी

आज दिनांक 05/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी

बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ०ग०

## न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ0ग0)

**रा.प्र.क्र...../ब-121/2024-25**

**ईष्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक षिव कुमार सिंह आ0 दलजीत सिंह, निवासी ग्राम सकालो, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम सकालो स्थित भूमि खसरा नंबर 278, 313, 803 के नक्षे में त्रुटि हो गया है। आवेदक द्वारा नक्षे में हुए त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेषी दिनांक 11/12/2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 12/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार

अम्बिकापुर

## न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

**रा.प्र.क्र. .......ब-121/2024-25**

**ग्राम-नरसिंहपुर तहसील राजपुर**

**ईष्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालगोविन्द आ0 मुड़ियार जाति कोरवा निवासी ग्राम नरसिंहपुर थाना तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा अपने पिता स्व0 घुंसी की मृत्यु ग्राम नरसिंहपुर में दिनांक 24.05.2009 को हुआ है। किन्तु जन्म -मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वष कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेष है। जो न्यायालय मे मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेषी तिथि 18/11/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेष कर सकता है। नियत तिथि के पष्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 11/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी

राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

## जन शिक्षकों को बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट और बाल संरक्षण पर किया गया जागरूक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर** ।कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश और जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल द्वारा भैयाथान विकासखण्ड में जन शिक्षकों को एक विशेष बैठक में बाल विवाह और बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया गया। बैठक के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री जयसवाल ने शिक्षकों को बाल विवाह की समस्या और इससे जुड़े तथ्यों की जानकारी दी।उन्होंने राष्टीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए बताया कि सूरजपुर जिले में बाल विवाह का प्रतिशत 34.3: है। उन्होंने कहा कि जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सभी शिक्षकों और संकुल प्राचार्यों को अपने-अपने विद्यालयों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए, ताकि शिक्षक और छात्र-छात्राओं में इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ सके।यदि सभी शिक्षक और छात्र छात्राएं ठान लें, तो बाल विवाह पर रोक लगाई जा सकती है। जिले को बाल विवाह मुक्त करने के लिए सभी को मिल कर प्रयास करना होगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील किया कि बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और विद्यालय छोड़ चुके बच्चों को पुनः शाला में प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में जिला समग्र शिक्षा अधिकारी शशिकांत सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी.एस. मारवी, यूनिसेफ से जिला समन्वयक प्रथमेश मानेकर, भैयाथान विकासखंड के सभी जनशिक्षक और संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे।

# किसानों के मेहनत की उपज धान का एक एक दाना खरीदना हमारा लक्ष्य : दयालदास

**0 जिले में धान खरीदी महापर्व का प्रभारी मंत्री ने देवनगर में किया शुभारंभ**
**0 प्रभारी मंत्री बोले-छत्तीसगढ़ धान का कटोरा, इसे समृद्ध बनाने के लिए शासन प्रतिबद्ध**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का शुभारंभ आज से किया गया। जिसके तहत जिले में भी इसकी शुरूआत हुई। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति देवनगर में धान खरीदी महापर्व शुभारंभ पर कृषक बंधुओं की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले के प्रभारी व खाद्य मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए थे। धान खरीदी महापर्व का शुभारंभ विधि विधान से पूजन कर किया गया। केंद्र में किसानों द्वारा लाये गए धान की आर्द्रता का परीक्षण नमी मापक यंत्र में करने के पश्चात भार मापक यंत्र में धान का तोलन कर किसानों के धान की खरीदी की गई। इस अवसर पर अपना धान विक्रय करने आये किसानों के चेहरे पर खुशी की झलक दिखाई दी। इस अवसर पर खाद्य मंत्री ने किसानों का स्वागत माला पहनाकर किया। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित देव नगर में 06 किसान ने टोकन प्राप्त कर कुल 363.20 क्विंटल धान का विक्रय किया। कार्यक्रम में रामानुजनगर के 03 कृषक सोहर सिंह, जगदीश केवट व हेमचंद प्रजापति के द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया जिसमें उन्होंने खरीफ वर्ष 2014-15 व 2015-16 में प्राप्त दो वर्ष के धान बोनस का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन ने जो भरोसा उनके मन में कायाम किया है उसे प्रभावित होकर इस बोनस राशि का उपयोग उनके द्वारा अपने कृषि को और उन्नत बनाने को किया ताकि उन्हें






जिले के 11 धान उपार्जन केन्द्र में 28 टोकन अब तक किसान बंधुओं द्वारा प्राप्त किये गए है, जिसमें 26 ऑनलाइन व 02 ऑफलाइन मोड द्वारा प्राप्त किये गए है। जिले में कुल 54 धान उपार्जन केंद्र है। इसके साथ ही जिले में कुल 64626 पंजीकृत कृषक है और रकबा 85731.78 हेक्टर है। जिला प्रभारी व खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने धान खरीदी महापर्व में उपस्थित
कृषक बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अन्नदाता हमारे प्रदेश की आत्मा है, उनकी मेहनत को पूरा दाम और सम्मान मिले इसके लिए लिये शासन हमेशा ही तत्पर रही है। छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है, इसे समृद्ध करने के लिए छत्तीसगढ शासन लगातार सकारात्कम फैसले ले रहा है और आगे भी किसान के हित में विभिन्न योजनाओं की शुरूआत की जायेगी। किसानों से उनकी उपज को खरीदने, ख़रीदी में पूरी पारदर्शिता बरतने और तय समय सीमा में भुगतान पर हमने विशेष ध्यान दिया है। धान खरीदी में कृषक बंधुओं को किसी प्रकार से बाधा न आये इसके लिए उन्होंने मंच में उपस्थित संबंधित प्रशासनिक अमले को शासन की मंशानुरूप तय मानकों पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया और धान खरीदी की सतत निगरानी करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित कृषक ग्रामीण, आमजन व मीडिया के साथियों से अपील की कि धान खरीदी से कोई भी पात्र किसान वंचित न हो इसके लिए सभी अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी भी उपस्थित थे। उन्होंने धान खरीदी महापर्व की कृषक बंधुओं को बधाई दी और उपस्थित जनों से संबोधित करते हुए कहा कि ये फसल आपके मेहनत की उपज है। कृषक बंधुओं का उत्थान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है उन्होंने उपस्थित जनों से अपील की कि सभी किसान बंधु धान खरीदी के निर्धारित तिथि के पूर्व ही टोकन प्राप्त कर अपने धान का विक्रय सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने बिचौलियों के धान पर विशेष निगरानी रखने की बात कही ताकि पात्र किसान का हित प्रभावित न हो। कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, जनपद उपाध्यक्षक दीपक कुमार, भीमसेन अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, राजेश महलवाला, शशि तिवारी, अजय गोयल, अजय अग्रवाल, कपिल पांडे, राम विलास साहू, श्रीमती सीमा सिंह टेकाम, थलेशवर साहू, कौशल सिंह व विजय राजवाड़े व अन्य जनप्रतिनिधि, कृषक बंधु, कलेक्टर एस.जयवर्धन, एडीसनल एसपी संतोष महतो, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल, खाद्य अधिकारी संदीप भगत, उप संचालक कृषि सुश्री संपदा पैकरा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## 4 दिवसीय 10 वॉं कोया पुनेम राष्ट्रीय आदिवासी प्रशिक्षण शिविर हुआ प्रारम्भ

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** गोंडवाना भवन नमदगिरी में गुरुवार को 10 वॉं कोया पुनेम राष्ट्रीय आदिवासी प्रशिक्षण शिविर के चार दिवसीय आयोजन का शुभारंभ किया गया। सर्व प्रथम कोया पुनेम सामाजिक भूमका तिरुमाल शिवभजन सिंह पोर्ते के माध्यम से आर्थिक गण्ड व्यवस्था के संस्थापक तिरूमाल डॉ.नारवेन कासव टेकाम, डायरेक्टर तिरूमाय रजनी टेकाम द्वारा प्रकृति शक्ति फड़ापेन का सुमिरना, सेवा गोंगो कर शुरुआत किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए यूनाइटेड ट्राइब गण्डवाना एसोसिएशन के डायरेक्टर तिरूमाल गुलाब नाग खुरसेंगा के द्वारा चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर के नियमों व अनुशासन के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दिया गया। विभिन्न प्रदेशों से आये अतिथियों व प्रशिक्षणार्थियों में सबसे पहले प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित होने वाले उड़ीसा राज्य सगाजनों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।उड़ीसा राज्य से पधारे विशिष्ट तिरूमाल दिलिप कुमार मांझी ने अपने अंदाज में आर्थिक गण्ड व्यवस्था के प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा हमें गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के महानायक गोंडवाना रत्न दादा हीरा सिंह मरकाम के मिशन को आगे बढ़ाना हैं और समाज के प्रत्येक सदस्यों को आर्थिक आजादी प्राप्ति करने में सफलता हासिल करना है। मध्यप्रदेश के जबलपुर, छिंदवाड़ा इत्यादि क्षेत्र से पधारे एवं जबलपुर के तिरुमाल के. पी. पुट्टे ने इस 10 वॉं कोया पुनेम राष्ट्रीय आदिवासी प्रशिक्षण शिविर को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हम गोंडवाना के लोगों को एक विचारधारा में रहकर समाजसेवा करना है, तभी हम एकजुट होकर काम कर सकते




हैं। उत्तरप्रदेश, झारखंड सहित विभिन्न प्रदेशों से पधारे सभी अतिथियों व प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत व अभिनंदन किया गया।

आर्थिक गण्ड व्यवस्था के सपने को साकार रूप देने वाले एवं यूनाइटेड ट्राइब गण्डवाना एसोसिएशन के संरक्षक डॉ.नारवेन कासव टेकाम द्वारा अतिथियों व प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा हमें चार दिन तक स्टूडेंट बनकर मास्टर ट्रेनर्स से सिखना हैं और अपने जीवन व समाज को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए समाजसेवा क्षेत्र में काम करते हुए मिशाल कायम करना है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से तिरूमाय सरोज सिंह ओरकेरा, आनंद सिंह उईके, कैलाश सिंह नेताम, रघुनाथ सिंह उर्रे, आशीष कमरो, रविशंकर टेकाम सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## आंबा कार्यकर्ता व सहायिका दिवस पर हुआ सम्मान कार्यक्रम

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले के प्रेमनगर जनपद सभा कक्ष में परियोजना



स्तरीय कार्यकर्ता सहायिका सम्मान दिवस का बुधवार को आयोजन किया गया। उक्त आयोजन जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सिगारो बाई, जनपद उपाध्यक्ष तुलसी राम तथा शिक्षक रमेश जयसवाल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रम में पर्यवेक्षक हीरामुनि राजवाड़े, अंजली महिलांगे,गंगा भारद्वाज, अनीता कश्यप, फिरदौस नसीम एवं 50 कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित रहे। जिसमें कार्यकर्ता श्रीमती गायत्री, कौशल्या शकुंतला, कमलमणि, देवंती सिंह, संपतिया, तारामणि एवं सहायिका श्रीमती ललिता, पार्वती काशीपुरी, बाबी बाई, धनेशिया बाई, बालकुंवर, छाया पांडे, इंद्रावती को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## फांसी लगाकर युवक ने दी जान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** समीपस्थ ग्राम नमदगिरी में गुरुवार की सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। मृतक करीब 35 वर्षीय मनोज केंवट सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरजा का रहने वाला बताया गया है। जो पिछले कई वर्ष से नमदगिरी में अपने रिश्तेदार के यहां रहता था। गुरुवार सुबह नमदगिरी में रेड नदी के किनारे स्थित एक पेड़ में मोबाईल चार्जर के तार के सहारे फांसी लगा कर जान दे दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया है।

## एक दिवसीय जिला स्तरीय आवास मेले का ऑडिटोरियम में हुआ आयोजन

**0 पीएम आवास योजना से पूरे देशभर में आया है सामाजिक परिवर्तन : प्रभारी मंत्री**
**0 शिकायत व सुझाव हेतु जारी हुआ हेल्पलाइन नम्बर**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूरे देशभर में एक बहुत बड़ा सामाजिक परिवर्तन आया है, कमजोर व मध्य वर्ग के परिवारों को घर के स्वामित्व का लाभ देने के लिए यह योजना लाई गई थी, जिससे आज लाखों आर्थिक रूप से कमज़ोर पात्र हितग्राहियों के सर पर छत है और आज वो सभी अपने पक्के घर में निवास कर रहे हैं यह वक्तव्य खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने गुरुवार को तिलसिवां ऑडिटोरियम के एक दिवसीय आवास मेला जिला स्तरीय कार्यक्रम में कही। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब के सपने को साकार करने का संकल्प लिया है। हर गरीब का सपना होता है, कि उसका खुद का पक्का मकान हो। इस सपने को साकार करने का बीड़ा देश के प्रधानमंत्री ने उठाया। छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही 14 दिसंबर को पहली केबिनेट की बैठक में 18 लाख आवास प्रदान करने हस्ताक्षर किया गया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ शासन आगे भी आमजन के हित फैसला लेगी और छत्तीसगढ़ को विकास की सकरात्मक दिशा देगी।

### विश्व की सबसे बड़ी योजनाओं में से एक है पीएम आवास योजना-भूलन

कार्यक्रम में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि देश में 2016 से पक्का आवास बनाने की दिशा में काम हो रहा है। हमारी सरकार मोदी के एक-एक गारंटी को पूरा कर रही है। सरकार का पूरा प्रयास है कि आवास योजना का लाभ लेने से कोई पात्र हितग्राही वंचित न हो। प्रधानमंत्री आवास योजना विष्व की सबसे बड़ी किफायती आवास योजनाओं में एक है जो आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पक्के मकान के रूप में आश्रय प्रदान कर रही है।

### समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं आवास निर्माण-जयवर्धन

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत परिवारों को शुभकामनाएं देते




हुए कहा कि योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्य को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि योजना अंतर्गत दिए जाने वाले राशि का सदुपयोग करते हुए आवास निर्माण कार्य को प्रारंभ कर शीघ्र पूर्ण कराएं।

मुख्य अतिथि दयालदास बघेल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वागत की कड़ी पूर्ण होने के साथ ही सीईओ जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू योजना के प्रमुख बिंदुओं तथा आवास मेले के महत्व पर प्रकाश डाला। जिले के सफलता की कहानी से संबंधित तैयार वीडियो का प्रदर्शन किया गया। योजना से प्रशिक्षण प्राप्त कर मिस्त्री का कार्य करते हुए अपनी जीवकोपार्जन चला रहे हौसला सिंह ने अपने विचारों को मंच से साझा किया। इसी तारतम्य में पीएम आवास के हितग्राही जो आवास पाकर बहुत खुश है उनके द्वारा अपने अनुभवों को मंच के माध्यम से सबके सामने जाहिर की तथा शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसी कड़ी में सभी 6 जनपद पंचायत के पीएम आवास के हितग्राही, मिस्त्री एवं सप्लायर्स ने आवास मेले में अपनी उपस्थिति दी। सम्मान के क्रम में प्रभारी मंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवीन स्वीकृत हितग्राहियों को साल श्रीफल व स्वीकृति पत्र, आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को खुशियों की चाबी सहित उपहार, ग्राम पंचायतें जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2016-23 तक के समस्त स्वीकृत आवासों को पूर्ण कर लिए है उनके सचिव,सरपंच व रोजगार सहायक को सम्मान, तकनीकी अमले जिन्होंने अच्छा कार्य किया है उनको सम्मानित करने का कार्य सहित महिला स्वयं सहायता समूह जिसने पीएम के निर्माण हेतु बहुतायत में शटरिंग प्लेट व अन्य सामग्री का क्रय किया, इन्हें भी सम्मानित किया गया।

योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत अथवा सुझाव के लिए जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 9244049285 जारी किया गया है। आवास मेले में योजना का प्रदर्शनी भी लगाया गया है जिसमें विस्तृत जानकारी प्रदाय की जा रही है तत्पश्चात् कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा आवास योजना की महत्ता, सभी की आपसी समन्वय से प्रगति लाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, पूर्व विधायक श्रीमती रजनी त्रिपाठी, श्रीमती परमेशवरी राजवाड़े, भीमसेन अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, राजेश महलवाला, शशि तिवारी, अजय गोयल, रामकृपाल साहू, राजाराम पांडे, अजय श्याम, अजय अग्रवाल, कपिल पांडे, राम विलास साहू, थलेशवर साहू, व अन्य जनप्रतिनिधि, सर्व जनपद पंचायत सीईओ व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पारदर्शिता से करें धान खरीदी एवं फर्जीवाड़ा करने वालों पर सख्त कार्रवाई : श्री बघेल

**0 प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक 0 आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** गुरुवार को राज्य के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने सयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने विभागों के द्वारा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की यथास्थिति से मंत्री श्री बघेल को अवगत कराया। इस दौरान मंत्री श्री बघेल ने धान खरीदी में गड़बड़ी को रोकने एवं पूरी पारदर्शिता के साथ धान खरीदी का कार्य करने और फर्जीवाड़ा करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी, कलेक्टर एस जयवर्धन, डीएफओ पंकज कमल , जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, सयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल एवं सर्व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मंत्री श्री बघेल ने जिले में धान खरीदी के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए बारदाने की उपलब्धता, खरीदी केंद्रों में धान उपार्जन को लेकर तैयारी एवम किसानों को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा राशन दूकानों के माध्यम से चावल आबंटन की स्थिति, किसानों के पंजीयन, धान उपार्जन एवम मिलिंग प्लान, पीएम उज्ज्वला, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, राशन केंद्रों ने राशन के स्टॉक की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पीएम आवास योजना का के प्रगति की स्थिति की समीक्षा करते हुए योजना में कोई भी गड़बड़ी अथवा फर्जीवाड़ा पाए जाने पर तात्कल कार्यवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले में किए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रम, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण , अपशिष्ट प्रबंधन एवं जागरूकता के संबंध में जानकारी प्राप्त की । मनरेगा के कार्यों की समीक्षा करते हुए जनपदवार मानव दिवस कार्यसृजन और मजदूरी भुगतान की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजनांतर्गत स्वसहायता समूह सदस्यों द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री बघेल को राजस्व विभाग द्वारा जानकारी







मुहैया कराई गई। उन्होंने विवादित अविवादित नामांतरण , खाता विभाजन,निराकरण प्रतिशत,सीमांकन इत्यादि की जानकारी प्राप्त की। राजस्व के संबंध में किसी भी पटवारी की शिकायत आने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश उनके द्वारा दिए गए। साथ ही राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए आयुष्मान भारत, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन, पीएम जन औषधि केंद्र, स्वास्थ्य केंद्रों में दी जा रही सुविधाओं की यथास्थिति के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री श्री बघेल को महिला बाल विकास अधिकारी द्वारा जिले में महतारी वंदन योजना अंतर्गत लाभान्वित किए जा रहे हितग्रहियों के संबंध में जानकारी प्रदान दी गई। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के पोषण संबंधी क्रियाकलापो, बच्चों के पोषण का स्तर और क्रियान्वित किए जा रहे योजनाओं की स्थिति और आ रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जलजीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करते हुए इसके कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें टंकी निर्माण, जल आपूर्ति पाइपलाइन विस्तारीकरण के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए उन्होंने समय सीमा में हर घर जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही काम में लापरवाही करने एवं समयसीमा में काम पूरा नहीं करने वाले ठेकदारों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री बघेल द्वारा कृषि एवं सम्बद्ध विभाग की समीक्षा भी की गई। कृषि विभाग अंतर्गत उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि, नमो ड्रोन दीदी अंतर्गत नैनो फर्टिलाइजर प्रदर्शन, केसीसी कार्ड के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने मत्स्य विभाग अंतर्गत मत्स्य संपदा योजना के साथ पशु और उद्यानिकी विभाग के योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत कन्या एवम बालक छात्रावासों, एकलव्य आवासीय स्कूलों, छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए नवीन छात्रावास भवन निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को छात्रावासों का दौरा कर छात्रावासो का नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले के व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार पत्रों की जानकारी ली। वन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने किसान मित्र वृक्ष संपदा योजना एवं जिले में वृक्षारोपण की स्थिति एवम हाथी मानव द्वंद्व की स्थिति की समीक्षा की । साथ ही हाथी मानव द्वंद्व को लेकर लोगों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी ली।

मंत्री श्री बघेल ने खेल विभाग ,क्रेड़ा विभाग और आबकारी विभाग अंतर्गत किए जा रहे शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने खेलो इंडिया अंतर्गत जिले में किए जा रहे खेल संबंधी गतिविधियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में क्रेड़ा विभाग एवम ग्रामीण यांत्रिक विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सौर ऊर्जा आधारित बिजली सुविधा के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिन क्षेत्रों में इन विभागों द्वारा प्रदान की जा रही सुविधा प्रभावित है उस पर जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में मादक पदार्थों, शराब के अवैध बिक्री पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिले में नशीली दवाइयों की अवैध आपूर्ति पर मिशन मोड में कार्रवाई करने के लिया कहा ताकि युवाओं को नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के सेवन से बचाया जा सके। इसके अलावा उन्होंने कानून व्यवस्था की जानकारी लेते हुए नशे के विरुद्ध कार्यवाही एवं जिले में विभिन्न आपराधिक घटनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पी डब्लू डी विभाग की समीक्षा करते हुए नवीन सड़कों का निर्माण, सड़कों का मरम्मत के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा शिक्षा विभाग अंतर्गत विद्यालय भवनों की स्थिति, पढ़ाई का स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जलसंसाधन विभाग द्वारा एनिकट निर्माण, जलाशयों के निर्माण की पूर्णता, अपूर्णता की स्थिति की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जिले में चल रही पीएम जनधन योजना, पीएम जीवन ज्योति योजना, पीएम मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नागरिक निकाय अंतर्गत पीएम आवास शहरी एवं स्वच्छ भारत मिशन शहरी की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर मंत्री दयालदास बघेल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि महिला बाल विकास अंतर्गत आंगनबाडियों में बेहतर कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को उनके बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहित करने हेतु कार्यक्रम शुरू किया गया है।




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर